बुधवार, 5 नवम्बर 2025

मौसम



तापमान 22 – 30
आर्द्रता 84%
सूर्योदय: 5:43 सूर्यास्त: 16:57

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा



शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने की मांग की पृष्ठ 4

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : शहर की दवा और देहात की हवा बराबर होती है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

समाज्ञा हिन्दी दैनिक
कॉर्पोरेट आफिस :
230, चित्तरंजन एवेन्यू, 3सरा तल्ला
कोलकाता–700 006

एसआईआर के खिलाफ ममता–अभिषेक हाथों में संविधान की प्रति लेकर सड़कों पर उतरें

# पात्र मतदाता के हटने पर गिर जाएगी केंद्र सरकार : ममता



## मुख्यमंत्री ने भाजपा एवं चुनाव आयोग पर बोला तीखा हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला। ममता ने उन पर विधानसभा चुनाव से पहले 'चुप–चाप, अदृश्य तरीके से धांधली' के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को एक राजनीतिक औजार में बदलने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूचियों से एक भी पात्र मतदाता को हटाया गया तो नरेन्द्र मोदी सरकार का गिरना 'तय' है। तृणमूल सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग मिलकर 'विपक्ष शासित राज्यों के मतदाताओं को हटाने के लिए सांठगांठ कर रहे हैं' जबकि भाजपा शासित राज्यों को छोड़ दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एसआईआर करवा रही है, लेकिन भाजपा शासित असम, त्रिपुरा एवं अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में ऐसा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पक्षपात क्यों है? यह तो स्पष्ट भेदभाव है, जिसका उद्देश्य केंद्र में सत्तारूढ़ दल की मदद करना है। तृणमूल सुप्रीमो ने चेतावनी दी कि अगर एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया गया, तो भाजपा सरकार हिल जाएगी। इस सरकार का गिरना तय है। निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर राजनीतिक दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए ममता ने कहा कि 2002 में बंगाल के आखिरी एसआईआर को पूरा होने में दो साल लगे थे। इस बार, एक महीने में खत्म करने की इतनी जल्दी क्यों? सिर्फ मोदी बाबू और अमित शाह को खुश करने के लिए।

**'एसआईआर के बाद बिहार में कितने रोहिंग्या मिले?'**

राज्य में अवैध मतदाताओं के भाजपा के दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि वे कहते हैं कि वह बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकाल देंगे। एसआईआर के बाद उन्हें बिहार में कितने रोहिंग्या मिले? सिर्फ बांग्ला बोलने से कोई बांग्लादेशी नहीं बन जाता। उर्दू बोलने से कोई पाकिस्तानी नहीं बन जाता। बंगाल की पहचान का इस तरह अपमान नहीं किया जा सकता। तृणमूल प्रमुख ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पाखंड का आरोप लगाया। उन्होंने बिना नाम लिए आरोप लगाया कि वह हमारी तथाकथित वंशवादी राजनीति की आलोचना करते हैं, फिर उन्होंने अपने ही बेटे को सर्वोच्च पद पर बिठाया है।

**'जन्म और आजादी के इतने सालों बाद भी हमें अपनी नागरिकता साबित करनी होगी?'**

निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि अगर किसी के माता–पिता का नाम सूची में नहीं है, तो क्या उन्हें फिर से साबित करना होगा कि उनका जन्म इसी राज्य में हुआ था? उन्होंने कहा कि आयोग मतदाता सूची में कई भ्रम पैदा कर रहा है। इन गलतियों की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या यह बेहतर नहीं होता कि यह प्रक्रिया चुनाव के बाद की जाती? क्या हमें जन्म और आज़ादी के इतने सालों बाद भी अपनी नागरिकता साबित करनी होगी? उन्होंने कहा कि तृणमूल इस मुद्दे के खिलाफ सड़कों और अदालतों, दोनों जगह लड़ाई जारी रखेगी। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर वे विधानसभा चुनावों के बाद एसआईआर करवाते हैं, तो हम अपना समर्थन देते। लेकिन चुनाव से कुछ महीने पहले आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? यह मतदाताओं को डराने–धमकाने के लिए राजनीति से प्रेरित एक कदम के अलावा और कुछ नहीं है। ममता ने यह भी आरोप लगाया कि 'मैपिंग' के नाम पर कई मतदाताओं के नाम पहले ही हटाए जा चुके हैं और एसआईआर प्रक्रिया से पैदा हुई दहशत के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अराजकता के पीछे भाजपा का हाथ है। लोग उनके द्वारा फैलाए जा रहे डर के कारण मर रहे हैं।

**'भाजपा कभी जनादेश से नहीं जीत सकेगी'**

केंद्र की विवादास्पद नीतियों की आपस में तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने नोटबंदी का विरोध किया था। फिर भी वह इस दिशा में आगे बढ़ी। लोगों को क्या मिला? सिवाय कठिनाई और अपमान के। और फिर भी उसने (सरकार ने) कभी माफी नहीं मांगी। कैसी बेशर्म सरकार है। संस्थानों को नियंत्रित करने के कथित जुनून के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि वह सौदेबाज़ी में जीत सकती है, वह जोड़–तोड़ से जीत सकती है, लेकिन वह जनादेश कभी नहीं जीत पायेगी। उसके पास बड़े बाबू, छोटे बाबू और मंझोले बाबू हैं। मैं कुर्सी का सम्मान करती हूं, लेकिन आप कितना झुक सकते हैं, इसकी भी एक सीमा होती है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उन्होंने उत्पीड़न की सारी हदें पार कर दी हैं।

## उद्योगपति गोपीचंद हिंदुजा का लंदन में निधन, अशोक लेलैंड को पटरी पर लाने का दिया जाता है श्रेय



**लंदन :** अशोक लेलैंड का अधिग्रहण कर उसे पटरी पर लाने वाले जाने–माने उद्योगपति और हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का लंदन में निधन हो गया है। वह 85 वर्ष के थे। परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि अशोक लेलैंड का अधिग्रहण कर उसे सफल वाहन विनिर्माता कंपनी बनाने वाले हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवार के प्रमुख हिंदुजा का नाम उनके दोनों भाइयों के साथ बोफोर्स घोटाला मामले में भी आया था। गोपीचंद का जन्म 1940 में हुआ। चार हिंदुजा बंधुओं में वह दूसरे स्थान पर थे। उन्होंने समूह को वाहन, ऊर्जा, बैंकिंग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक वैश्विक समूह बनाया। मई, 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद हिंदुजा के निधन के बाद, उन्होंने 35 अरब पाउंड के हिंदुजा समूह के चेयरमैन का पदभार संभाला।

# बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया शुरू, 18 लाख गणना प्रपत्र किए गए वितरित

## घर–घर पहुंच रहे बीएलओ, पहले दिन तकनीकी समस्याओं का करना पड़ा सामना



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू हो गया जिसके तहत 80,000 से अधिक बूथ–स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) गणना प्रपत्र वितरित करने के लिए घर–घर पहुंच रहे हैं। इसी के साथ वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले ही राज्य में एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील कवायद शुरू हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाम पांच बजे तक बीएलओ द्वारा 18 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए। घर–घर जाकर गणना करने की प्रक्रिया बीएलओ द्वारा प्रपत्र वितरित करने और मतदाताओं को प्रक्रिया समझाने के साथ काफी हद तक शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुई। गणना करने की प्रक्रिया चार दिसंबर तक जारी रहेगी। हालांकि, शुरुआत में कुछ अड़चनें भी आईं और एक तकनीकी गड़बड़ी ने पहले दिन प्रपत्र के ऑनलाइन वितरण को बाधित कर दिया, जबकि बीएलओ के रूप में कार्यरत सैकड़ों स्कूली शिक्षकों को अपनी नियमित कक्षाओं के साथ चुनावी कर्तव्यों को संतुलित करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कुल मिलाकर 294 विधानसभा क्षेत्रों में इस प्रक्रिया को संचालित करने के लिए 80,681 बीएलओ तैनात किए गए हैं। लगभग 7.66 करोड़ गणना प्रपत्र तैयार किए गए हैं, और प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियां मिलेंगी – एक मुहर लगी पावती के साथ रखने के लिए और एक निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड के लिए। अधिकारी ने कहा कि अभी तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। हमें उम्मीद है कि यह प्रक्रिया पूरे राज्य में सुचारु रूप से चलेगी। हालांकि, तकनीकी समस्याओं के कारण मतदाता पोर्टल के शुरू नहीं हो पाने के कारण निर्वाचन आयोग की एक साथ ऑनलाइन प्रपत्र वितरण की योजना को झटका लगा। एक अन्य अधिकारी ने समय–सीमा बताए बिना कहा कि यह एक तकनीकी समस्या के कारण है। हमें उम्मीद है कि यह सेवा कुछ दिनों में चालू हो जाएगी। इस बाधा के बावजूद सीईओ कार्यालय के अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रियाएं सुचारु रूप से चलेंगी, और इस प्रक्रिया को पश्चिम बंगाल में दो दशकों में मतदाता सूची को अद्यतन बनाने की सबसे व्यापक कवायद बताया।

# पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत पर दोबारा हमला किया तो 'गोली का जवाब गोले से' मिलेगा: अमित शाह

**दरभंगा/मोतिहारी/बेतिया :** केंद्रीय गृहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता अमित शाह ने मंगलवार को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को दोबारा भारत पर हमला नहीं करने की चेतावनी दी और कहा कि यदि उन्होंने ऐसी गलती दोहराई तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। शाह ने कहा कि बिहार में प्रस्तावित रक्षा गलियारे (डिफेंस कॉरिडोर) में बनने वाले विस्फोटक इन आतंकियों के खिलाफ इस्तेमाल किए जाएंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पहलगाम में हमारे नागरिकों पर हमला किया था। उन्होंने हमारी माताओं–बहनों की मांग का सिंदूर पोंछ दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 दिन के भीतर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर इसका बदला लिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की जमीन पर घुसकर आतंकियों को समाप्त कर दिया। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री बिहार में रक्षा गलियारा स्थापित कर रहे हैं। अगर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी दोबारा गलती करेंगे, तो 'गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।'

# चीन स्थित कंपनी ने उड़ने वाली कारों का परीक्षण उत्पादन किया शुरू



**बीजिंग :** चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का इस सप्ताह परीक्षण उत्पादन शुरू किया है। यह अमेरिका की कंपनी टेस्ला और अन्य द्वारा जल्द ही ऐसी कार पेश करने की योजना से पहले किया जा रहा है। चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी एक्सपेंग की सहयोगी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने सोमवार को बड़े पैमाने पर उड़ने वाली कार बनाने के लिए दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया। यह अगली पीढ़ी के परिवहन के व्यावसायीकरण में एक उपलब्धि है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत की राजधानी गुआंगझोउ के हुआंगपु जिले में स्थित 120,000 वर्ग मीटर के इस संयंत्र ने पहले ही अपने मॉड्यूलर फ्लाइंग कार 'लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर' का पहला अलग हो सकने वाला इलेक्ट्रिक विमान तैयार कर लिया है। इस सुविधा को 10,000 अलग किए जा सकने वाले विमान मॉड्यूल की वार्षिक उत्पादन क्षमता के लिए तैयार किया गया है, जिसकी प्रारंभिक क्षमता 5,000 इकाइयों की होगी।

# छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में यात्री ट्रेन के मालगाड़ी से टकराने से आठ व्यक्तियों की मौत, 14 अन्य घायल



**बिलासपुर :** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन के करीब एक लोकल यात्री ट्रेन के मंगलवार को एक मालगाड़ी से टकरा जाने से आठ लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिलासपुर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि एक लोकल यात्री ट्रेन आज कोरबा जिले के गेवरा रेलवे स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी। अग्रवाल ने बताया कि जब ट्रेन शाम लगभग चार बजे गतौरा और बिलासपुर रेलवे स्टेशन के मध्य में थी तभी लोकल यात्री ट्रेन ने एक मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में आठ लोगों की मृत्यु हुई है तथा 14 अन्य यात्री घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बिलासपुर शहर के अप–ोलो, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आपोलो अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। अग्रवाल ने बताया कि घटना के दौरान लोकल ट्रेन की पहली बोगी, मालगाड़ी की अंतिम बोगी के ऊपर चढ़ गई और छतिग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया कि लोकल ट्रेन की बोगी में दो अन्य यात्रियों के फंसे होने की जानकारी मिली है, जिन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे तथा राहत और बचाव कार्य शुरू कया गया। मौके की तस्वीरों में यात्री ट्रेन का एक कोच मालगाड़ी के वैगन के ऊपर चढ़ा दिख रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख रुपये और सामान्य रूप से घायल यात्री को एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घो–षणा की है।

## यात्री ट्रेन का लाल सिग्नल पार करना दुर्घटना का संभावित कारण : रेलवे बोर्ड

छत्तीसगढ़ में बिलासपुर स्टेशन के निकट एक सवारी गाड़ी और मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर में सात लोगों की मौत के कुछ घंटों बाद रेलवे बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यात्री ट्रेन के लाल सिग्नल पार कर जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। रेलवे बोर्ड के एक प्रेस नोट में कहा गया, रेलवे अधिकारियों के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, डीईएमयू ट्रेन द्वारा खतरे के सिग्नल पार करना इसका कारण प्रतीत होता है।

# बिहार: पहले चरण का प्रचार थमा, अब 121 सीट पर कल होगा मतदान




**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान मंगलवार की शाम छह बजे थम गया। इस चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीट पर छह नवंबर को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया है कि मतदान केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए ताकि मतदाता बड़ी संख्या में मतदान के लिए आगे आएं। आयोग ने बूथ पर शत प्रतिशत वेबकास्टिंग, नई मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) की सुविधा और ईवीएम नेट ऐप के माध्यम से मतदान रिपोर्टिंग जैसे तकनीकी नवाचारों को लागू किया है। पहले चरण के लिए 121 सामान्य, 18 पुलिस और 33 व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन क्षेत्रों के लिहाज से दीघा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 4,57,657 मतदाता हैं, जबकि बरबीघा में सबसे कम 2,31,998 मतदाता पंजीकृत हैं। क्षेत्रफल के अनुसार बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र सबसे छोटा (16.239 वर्ग किलोमीटर) और सूर्यगढ़ा सबसे बड़ा (62.247 वर्ग किलोमीटर) है। निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोप–ालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर जिलों में मतदान होगा। पहले चरण में कई चर्चित उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद होगी। इनमें महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, लोकगायिका मैथिली ठाकुर, भोजपुरी फिल्म स्टार खेसारी लाल यादव, जनशक्ति जनता दल के तेज प्रताप यादव, जनता दल (यूनाइटेड) प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और भोला यादव शामिल हैं।





# भारत और इजराइल ने महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर किये हस्ताक्षर

## मिलकर विकसित करेंगे हथियार प्रणालियां और सैन्य उपकरण



**नयी दिल्ली :** भारत और इज़राइल ने मंगलवार को एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत उन्नत प्रौद्योगिकियों के आदान–प्रदान के साथ–साथ प्रमुख हथियार प्रणालियों और सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। यह समझौता दोनों देशों के पहले से मजबूत रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा सहयोग पर भारत–इज़राइल संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक के बाद तेल अवीव में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत रक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण और नीतिगत दिशा प्रदान करने के लिए रक्षा सहयोग पर इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। मंत्रालय ने कहा, ''भारत–इजराइल रक्षा सा–झेदारी गहरे आपसी विश्वास और साझा सुरक्षा हितों पर आधारित दीर्घकालिक है।'' मंत्रालय ने कहा कि समझौता ज्ञापन में सहयोग के कई क्षेत्रों की पहचान की गई है जिनसे दोनों देशों को लाभ होगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझा हित के रणनीतिक संवाद, प्रशिक्षण, रक्षा औद्योगिक सहयोग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा सहयोग समेत क्षमताएं शामिल हैं।'' उसने कहा, ''उन्होंने आतंकवाद की साझा चुनौतियों समेत विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया तथा इस खतरे से लड़ने के अपने सामूहिक संकल्प को रेखांकित किया।''

## विश्व विजेता बेटियां

रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वो इतिहास रचा, जिसका दो दशक से इंतजार था। एक दिवसीय क्रिकेट का वर्ल्ड कप जीतकर उन्होंने उस कमी को पूरा किया, जो साल 2005 और 2017 में फाइनल में पहुंचकर भी हासिल न हो सकी थी। ऐसे वक्त में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम को खिताबी दौड़ में कमजोर माना जा रहा था, उसने सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया टीम को सेमीफाइनल के एक रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। मुकाबले में मुंबई की जेमिमा रॉड्रिग्स ने 127 रन की तूफानी यादगार पारी खेली। लगता था शुरुआत में कई मैच हारने वाली भारतीय महिला टीम ने अपनी ऊर्जा फाइनल मुकाबले के लिये बचा रखी थी, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रन से हरा दिया। रविवार की रात हरमनप्रीत कौर की कप्तानी ने पासा ही पलट दिया। फिर उनकी टीम ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में चालीस हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच जीत का जश्न जमकर मनाया। इस जुनूनी जश्न की वे हकदार भी थीं। साथ ही देश के एक अरब चालीस करोड़ लोगों को भी जीत के जश्न में डुबो दिया। लोग इस साल होने वाले कई दुखांत घटनाक्रमों को भुला इस जीत की लय में झूम उठे। यह सुखद आश्चर्य ही था कि टीम ने लगातार तीन हार झेलने के बाद टूर्नामेंट में दमदार वापसी की। सेमीफाइनल में लोग सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को कमतर आंक रहे थे। सुखद आश्चर्य देखिये कि फाइनल मुकाबले में हरियाणा की उस शैफाली वर्मा ने करिश्माई पारी खेली, जो विश्व कप के शुरू होने से पहले टीम का हिस्सा भी नहीं थी। उसने अपने चयन को तार्किक साबित किया। इसी तरह दीप्ति शर्मा ने भी शानदार खेल का परिचय दिया। निश्चय ही महिला क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत देश की उन लाखों बेटियों के सपनों को नयी ऊंचाइयां देगी, जो अपना आसमान हासिल करना चाहती हैं।

निस्संदेह, विश्वकप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत के दूरगामी परिणाम होंगे। इस खेल में टीम दीर्घकालिक वर्चस्व कायम रख सकती है। दरअसल, अब तक महिला क्रिकेट को दोयम दर्जे का माना जाता रहा है। दरअसल, जब से महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान वेतन मिलने लगा और उन्हें आईपीएल-शैली की टी-20 लीग में दमखम दिखाने का मौका मिला, टीम के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार आया। धीरे-धीरे वे पुरुष क्रिकेट के सितारों की तरह आभा बिखेरने लगी। हालांकि, आगे की राह इतनी भी आसान नहीं है, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल उनके पास इस कामयाबी का जश्न मनाने का मौका है। उल्लेखनीय है कि टीम में कई ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने तमाम आर्थिक-सामाजिक चुनौतियों का मुकाबला करके अपनी जगह बनायी। वे तपती पगडंडियों से गुजरने वाली बेटियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। इन खिलाड़ियों ने मैदान से पहले निजी जीवन में बड़ा संघर्ष किया। बेहद जटिल पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वे विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनी हैं। उनके साथ अभ्यास मैच खेलने के लिये लड़कियां नहीं होती थी, अत: वे शुरुआती क्रिकेट लड़कों की टीम के साथ खेलती थीं। उनके माता-पिता को समाज की छींटाकशी का भी शिकार होना पड़ता था। मध्यप्रदेश की क्रांति गौड़ ने आर्थिक बदहाली का जीवन जिया और प्रैक्टिस मैच के लिये पैसे की मदद न मिलने पर मां ने गहने तक बेचने पड़े। वक्त बदला है और आज मध्य प्रदेश सरकार ने उसे एक करोड़ का पुरस्कार देने की घोषणा की है। स्पिनर राधा यादव का परिवार मुंबई के कांदिवली में रहता है और उसके पिता सब्जी बेचते रहे हैं। उनकी प्रतिभा पहचानकर क्रिकेटर प्रफुल्ल नाइक ने उसके परिजनों को क्रिकेट खेलने के लिये मनाया। संगरूर जिले की रहने वाली सफल गेंदबाज अमनजोत के, पेशे से कारपेंटर पिता भूपेंदर सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। उन्होंने अपना कामधंधा दांव पर लगाया। इसी तरह हिमाचल के एक किसान परिवार से आने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने अपने दिवंगत पिता के सपने को पूरा किया। निस्संदेह, इन लड़कियों की कामयाबी न केवल समाज में लड़कियों के प्रति नजरिया बदलेगी, बल्कि उन जैसी लाखों लड़कियों को क्रिकेट में भविष्य आजमाने के लिये भी प्रेरित करेगी।

# भारत के श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में: श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की आवश्यकता



एस.पी. तिवारी

भारत का कार्य जगत एक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। देश की श्रमशक्ति को लिखित अनुबंधों, पर्याप्त मजदूरी और व्यापक सामाजिक सुरक्षा द्वारा समर्थित औपचारिक रोज-गार में तेजी से जगह मिलनी चाहिए ताकि विकास के लाभ सभी के लिए सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण आजीविका में बदल सकें। पुराने विनियामक ढांचों के बने रहने के चलते, आंशिक रूप से, औपचारिकीकरण की गति और उद्यमों की सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सृजित करने की क्षमता सीमित हो गई है। वर्ष 2019 और 2020 के बीच संसद द्वारा मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाज की स्थितियों के संबंध में पारित चार श्रम संहिताएं 2002 में रवींद्र वर्मा की अध्यक्षता वाली द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग द्वारा परिकल्पित लंबे समय से लंबित सुधारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस श्रम आयोग का मिशन तत्कालीन मौजूदा श्रम ढांचे को संहिताबद्ध, सरल और संशोधित करना था। ये नई संहिताएं देश के श्रम परिदृश्य को आधुनिक बनाने और संरचनात्मक असंतुलनों को दूर करने हेतु एक व्यापक ढांचा प्रदान करती हैं। सभी राज्यों में इनका एकसमान कार्यान्वयन अब एक बेहद जरूरी राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गई है।

ये नई संहिताएं 29 केन्द्रीय श्रम कानूनों को सरल और आधुनिक बनाती हैं। इन कानूनों में से कई बीसवीं सदी के मध्य के हैं। इन संहिताओं का उद्देश्य न केवल कानूनों का विलय करना है, बल्कि श्रमिकों/कर्मचारियों की विभिन्न परिभाषाओं को एक सरल परिभाषा में बदलना भी है। प्रत्येक संहिता श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण को सुदृढ़ करती है और साथ ही नियोक्ताओं के लिए स्पष्टता और पूर्वानुमेयता प्रदान करती है।

**उचित मजदूरी और श्रम की गरिमा**

वेतन संहिता, 2019 प्रत्येक श्रमिक को श्रम की गरिमा का सम्मान करने वाला वेतन सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सार्वभौमिक न्यूनतम वेतन और एक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन लागू करके, यह संहिता इस बात की गारंटी देती है कि कोई भी श्रमिक, चाहे वह किसी भी पेशे या स्थान से जुड़ा हो, एक बुनियादी मानक आय से वंचित नहीं रहेगा। उद्योग की अनुसूची को समाप्त करने से सार्वभौमिक वेतन का मार्ग प्रशस्त होता है।

समय पर भुगतान के प्रावधानों को मजबूत किया गया है। इससे देरी की वह समस्या दूर हुई है, जो पहले परिवारों को कर्ज में धकेल देती थी। अब कर्मचारी अप्रदत्त वेतन या बोनस का दावा आसानी से कर सकते हैं और ऐसे विवादों में सबूत पेश करने का भार नियोक्ता पर होता है, जिससे जवाबदेही बढ़ती है।

साथ ही, यह संहिता उद्यमों के लिए अनुपालनों को सुव्यवस्थित करती है। इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड-कीपिंग, एकल पंजीकरण एवं एकीकृत रिटर्न कागजी कार्रवाई को कम करते हैं और हेरफेर की आशंकाओं को घटाते हैं।

**सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार**

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 आजाद भारत में कल्याण के सबसे समावेशी विस्तारों में से एक है। कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम और मातृत्व लाभ अधिनियम सहित नौ प्रमुख कानूनों को एकीकृत करके, यह संहिता एक ऐसी एकीकृत प्रणाली स्थापित करती है जो पारंपरिक और भविष्य के कार्य, दोनों को कवर करती है।

यह पहली बार है जब गिग श्रमिकों, प्लेटफॉर्म श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के लोगों को स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय श्रमशक्ति का हिस्सा माना गया है। प्रत्येक श्रमिक को ई-श्रम पोर्टल के जरिए पंजीकृत किया जाएगा और एक विशिष्ट सामाजिक सुरक्षा संख्या प्रदान की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और मातृत्व सहायता जैसे लाभों का सीधा वितरण संभव हो सकेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय व राज्य सामाजिक सुरक्षा कोष बनाए जायेंगे कि ऐप-आधारित डिलीवरी पार्टनर या निर्माण कार्यों में संलग्न मजदूर जैसे श्रमिक भी अब सुरक्षा के दायरे से बाहर न रहें और निधियों का समग्र प्रबंधन संभव हो।

इस संहिता में करियर केन्द्र, डिजिटल एवं भौतिक प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं जो व्यावसायिक मार्गदर्शन, परामर्श और रोजगार सेवाएं प्रदान करेंगे। यह संस्थागत समर्थन कल्याण को बहु-रोजगार क्षमता से जोड़ेगा, जिससे श्रमिकों को असुरक्षा की स्थिति से निकलकर अवसर की दिशा में बढ़ने में मदद मिल सकेगी।

**कार्यस्थल पर सुरक्षा, गरिमा और समानता**

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता, 2020 (ओएसएच संहिता), राष्ट्र निर्माण करने वालों की देखभाल और उनके प्रति जिम्मेदारी का एक संदेश है। प्रतिष्ठान की परिभाषा को व्यापक बनाकर, यह संहिता उन लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है जो पहले सुरक्षा कानूनों के दायरे में नहीं आते थे। यह श्रमिकों के निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच को अनिवार्य करती है और नियोक्ताओं से कर्मचारियों पर कोई वित्तीय बोझ डाले बिना सुरक्षित एवं स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखने की अपेक्षा करती है। राष्ट्रीय व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड का गठन बदलती औद्योगिक परिस्थितियों के अनुरूप सुरक्षा मानकों का विकास सुनिश्चित करता है।

ओएसएच संहिता लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित करती है। महिला श्रमिकों को सभी प्रतिष्ठानों और रात्रि पाली में काम करने की अनुमति है, बशर्ते पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध हों। इससे अधिक संख्या में महिलाओं को श्रम बल में शामिल होने व बने रहने का अधिकार मिलता है। प्रवासी श्रमिकों को भी एक राष्ट्रीय पंजीकरण प्रणाली के जरिए मान्यता हासिल होती है। इससे कल्याणकारी योजनाओं और आवागमन संबंधी लाभों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित होती है और बेहतर जीवन एवं आजीविका सुनिश्चित करने हेतु कानूनी ढांचे की निगरानी संभव होती है।

कैंटीन और शौचालय जैसी सुविधाएं अब निचले पायदान तक अनिवार्य हैं और ऐसे प्रावधानों के निर्धारण के क्रम में ठेका श्रमिकों को भी शामिल किया जाता है। ये उपाय न्यूनतम अनुपालन से हटकर श्रमिकों के कल्याण के प्रति वास्तविक चिंता की दिशा में होने वाले बदलाव को दर्शाते हैं।

**संवाद और औद्योगिक सद्भाव**

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच संबंधों में स्पष्टता लाती है और एक एकीकृत ढांचे के साथ तीन पुराने अधिनियमों की जगह लेती है। इसके तहत बीस या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों के लिए शिकायत निवारण समितियां स्थापित करना अनिवार्य है ताकि विवादों के हड़ताल या मुकदमेबाजी में बदल जाने से पहले ही उनका शीघ्र समाधान उद्यम स्तर पर सुनिश्चित हो जाए।

ट्रेड यूनियनों को एक समझौतावादी संघ या परिषद की अवधारणा के जरिए मान्यता हासिल होती है, जिससे सामूहिक सौदेबाजी को बल मिलता है और श्रमिकों को अपने कार्यस्थल को आकार देने में एक प्रभावी भागीदारी हासिल होती है। छंटनी का सामना कर रहे श्रमिक अब 30 दिन का नोटिस और पर्याप्त मुआवजा पाने के हकदार हैं। यह एक मानवीय सुधार है, जो आजीविका की सुरक्षा का सम्मान करता है। छंटनीग्रस्त श्रमिकों के लिए एक पुनः कौशल निधि (रिस्किलिंग फंड) की स्थापना एक दूरदर्शी दृष्टिकोण का संकेत देती है, जो बदलती अर्थव्यवस्था में सीखने और अनुकूलनशीलता को महत्व देती है। हड़ताल के अधिकार से संबंधित प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। बंदी या तालाबंदी की आसान मंजूरी के लिए उद्योगों के लिए श्रमिकों की सीमा को बढ़ाकर 300 तक करने के प्रावधान पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

इस संहिता द्वारा औपचारिक रूप से मान्यता प्राप्त निश्चित अवधि का रोजगार, उद्योग जगत को लचीलापन प्रदान करता है और साथ ही नियमित कर्मचारियों के समान वेतन और ग्रेच्युटी सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों में समानता की गारंटी देता है। यह कदम आधुनिक अर्थव्यवस्था की जरूरतों और उसमें काम करने वालों के औचित्य एवं सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

**कार्यान्वयन अब क्यों जरूरी**

विभिन्न विकासशील देशों से मिले साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि श्रम सुधारों ने आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बढ़ते टैरिफ और व्यापार के बदलते पैटर्न से प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलावों की पृष्ठभूमि में, भारत को अपने नए श्रम कानूनों को तत्काल लागू करना जरूरी है। सरल एवं पारदर्शी कानून निवेश को आकर्षित करेंगे, औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देंगे और श्रमिकों की गरिमा को बनाए रखेंगे। समय पर अधिसूचना भारत को विकसित देशों का दर्जा दिलाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। एक ऐसे दौर में जब स्व-चालन और डिजिटलीकरण पारंपरिक नौकरियों के खत्म हो जाने का खतरा पैदा कर रहे हैं, ये संहिताएं संतुलित विकास का एक ऐसा ढांचा प्रदान करती हैं जो तकनीकी प्रगति के बावजूद मानवीय गरिमा को बनाए रखता है। सभी राज्यों में इनके कार्यान्वयन से एक समान मानक बनेंगे, अस्पष्टता कम होगी और नौकरियां आसानी से सुलभ होंगी।

**आगे की राह**

ये चार संहिताएं एक ऐसे आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की महत्वाकांक्षा की रीढ़ हैं, जो आर्थिक गतिशीलता और सामाजिक न्याय के बीच समन्वय सुनिश्चित करता है। ये संहिताएं निरीक्षकों को सुविधाप्रदाता में बदल देती हैं, पुराने एवं परस्पर विरोधी कानूनों को स्पष्ट व सुसंगत कानूनों से बदल देती हैं और श्रमिकों के कल्याण को आर्थिक नीति के केन्द्र में रखती हैं। कुछ शर्तों के साथ इन सुधारों की भावना केवल एकीकरण में ही नहीं, बल्कि करुणा में भी निहित है। ये सुधार यह सुनिश्चित करते हैं कि कारखाने से लेकर डिजिटल प्लेटफॉर्म तक, हर कर्मचारी को सम्मान, सुरक्षा और संरक्षा मिले। श्रमिकों के लिए, ये सुधार निष्पक्षता और अवसर का वादा करते हैं। इसलिए, इन संहिताओं को शीघ्रता और एकरूपता के साथ लागू करना न केवल प्रशासनिक तात्कालिकता, बल्कि राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का भी विषय है ताकि एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा सके जहां विकास सबका साझा हो, काम का सम्मान हो और भारत की प्रगति में योगदान देने वाले हर हाथ की रक्षा हो एवं उनके जीवनयापन में आसानी हो।

**(राष्ट्रीय महासचिव, ट्रेड यूनियन कोआर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी))**

### बिहार की सियासत की पहली परीक्षा

# 121 सीटों पर जनता तय करेगी नीतीश और तेजस्वी की किस्मत



अजय कुमार

बिहार में राजनीतिक तापमान अपने चरम पर है। 6 नवंबर को राज्य की सियासत की दिशा तय करने वाला पहला चरण होने जा रहा है, जिसमें 18 जिलों की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। यह सिर्फ चुनावी प्रक्रिया का पहला पड़ाव नहीं, बल्कि सत्ता की कुर्सी की नींव रखे जाने वाला निर्णायक मोड़ है। 3 करोड़ 75 लाख से अधिक मतदाता 1314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। आंकड़ों से लेकर उम्मीदवारों की सूची तक, हर तथ्य इस बात की गवाही दे रहा है कि इस बार की लड़ाई पहले से कहीं ज्यादा कड़ी, रोचक और निर्णायक है।बिहार के पहले चरण में मिथिलांचल, कोसी, मुंगेर डिवीजन और भोजपुर बेल्ट के वे इलाके शामिल हैं जहां राजनीति हमेशा से जातीय समीकरणों और स्थानीय प्रभावशाली चेहरों पर टिकी रही है। इस बार भी स्थिति कुछ अलग नहीं। इन इलाकों में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू, तेजस्वी यादव की आरजेडी, भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीधे-सीधे मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। कुल 1314 उम्मीदव-ारों में से 122 महिलाएं भी मैदान में हैं, जो बिहार की राजनीति में महिलाओं की बढ़ती सक्रियता को दर्शाता है।

पहले चरण में मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा है, लेकिन दिलचस्प यह है कि इस बार दोनों गठबंधनों के भीतर भी अंदरूनी जंग जारी है। महागठबंधन की ओर से आरजेडी 72 सीटों पर, कांग्रेस 24 पर और सीपीआई माले 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं सीपीआई और वीआईपी छह-छह सीटों पर, सीपीएम तीन पर और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी दो सीटों पर मैदान में है। एनडीए में जेडीयू 57, भाजपा 48, एलजेपी (रामविलास) 13, आरएलएम 2 और हम (जीतनराम मांझी की पार्टी) एक सीट पर किस्मत आजमा रही है। इसके अलावा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि जन सुराज पार्टी ने 119 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।यह आंकड़े भले चुनावी गणित की एक झलक भर हों, लेकिन असल कहानी उम्मीदवारों की प्रोफाइल और इलाकाई समीकरणों में छिपी है। पहले चरण में करीब 32 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (-ऊ्ठ) की रिपोर्ट के अनुसार, हर तीसरा उम्मीदवार किसी न किसी मुकदमे में आरोपी है। इनमें से 20 प्रतिशत उम्मीदवार गंभीर धाराओं में केस झेल रहे हैं। यही बिहार की सियासत की सच्चाई है, जहां अपराध, प्रभाव और राजनीतिक पूंजी एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं।

पिछले चुनाव के नतीजों पर नजर डालें तो 2020 में इन 121 सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर रही थी। महागठबंधन ने 61 सीटें जीती थीं जबकि एनडीए ने 59 सीटें। उस वक्त चिराग पासवान की एलजेपी अकेले मैदान में थी और सिर्फ एक सीट जीत सकी थी। आरजेडी ने उस चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 42 सीटें जीती थीं, भाजपा को 32, जेडीयू को 23, कांग्रेस को 8, माले को 7, वीआईपी को 4 और सीपीआई व सीपीएम को दो-दो सीटें मिली थीं। यही कारण है कि इस बार आरजेडी पर अपनी बढ़त बनाए रखने का दबाव है, जबकि जेडीयू और भाजपा के सामने खोया जनाधार वापस लाने की चुनौती।नीतीश कुमार के लिए यह पहला चरण किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं। जेडीयू जिन 57 सीटों पर लड़ रही है, उनमें से 36 पर आरजेडी से, 13 पर कांग्रेस से और सात पर सीपीआई माले से सीधा मुकाबला है। इसके अलावा दो सीटों पर वीआईपी से टक्कर है। यही कारण है कि नीतीश की राजनीति की साख इसी फेज पर टिकी मानी जा रही है। 2020 में जेडीयू के जिन 43 विधायकों ने जीत दर्ज की थी, उनमें से 23 पहले चरण की सीटों से आए थे। अगर इस बार वही सीटें डगमगाईं, तो नीतीश की मुख्यमंत्री कुर्सी भी खतरे में पड़ सकती है। दो दशक से सत्ता की धुरी बने नीतीश के लिए यह चुनाव राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई बन चुका है।

दूसरी तरफ, तेजस्वी यादव के लिए यह फेज सत्ता की राह का पहला पड़ाव है। पिछली बार उन्होंने भोजपुर और सारण बेल्ट में आरजेडी का परचम फहराया था और इस बार उनका लक्ष्य उन इलाकों में बढ़त बरकरार रखते हुए नई सीटों पर कब्जा करना है। तेजस्वी खुद राघोपुर से चुनाव मैदान में हैं, जो उनकी पारिवारिक परंपरा की सीट रही है। यहां जीत दर्ज करना तो उनके लिए सहज है, लेकिन चुनौती यह है कि सहयोगी दलों कांग्रेस और लेफ्ट के उम्मीदवारों को भी मजबूत प्रदर्शन दिलाया जाए। पिछली बार सहयोगी दलों के कमजोर प्रदर्शन के कारण ही तेजस्वी बहुमत से पीछे रह गए थे। इस बार उनका फोकस पूरे गठबंधन को एकजुट रखकर जीत की राह बनाना है।पहले चरण में नीतीश सरकार के 16 मंत्रियों की किस्मत भी दांव पर है। इनमें जेडीयू के 5 और भाजपा के 11 मंत्री शामिल हैं। भाजपा के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सीवान से, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी तारापुर से, और दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा लखीसराय से चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा पटना के बांकीपुर से नितिन नवीन, दरभंगा के जाले से जीवेश मिश्रा, साहेबगंज से पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, अमनौर से आईटी मंत्री कृष्ण मंटू और बिहारशरीफ से पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार जैसे बड़े चेहरे भी मैदान में हैं। जेडीयू के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी सरायरंजन से, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार नालंदा से, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी बहादुरपुर से और सूचना मंत्री महेश्वर हजारी कल्याणपुर से मैदान में हैं। इनके लिए यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि राजनीतिक भविष्य का निर्णायक मोड़ है।

बिहार की राजनीति का चरित्र हमेशा से गठबंधनों और समीकरणों पर टिका रहा है। लेकिन इस बार माहौल कुछ अलग है। भाजपा अब जेडीयू पर पूरी तरह निर्भर नहीं दिखना चाहती। नीतीश के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की सुगबुगाहट भी है, और भाजपा इसी लहर को अपने पक्ष में भुनाने में लगी है। वहीं जन सुराज पार्टी जैसे नए संगठन भी जनता के बीच पैठ बनाने की कोशिश में हैं। प्रशांत किशोर की यह पार्टी 119 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर सियासी हलचल बढ़ा रही है। हालांकि, इनका असर कितना होगा, यह नतीजे बताएंगे, लेकिन इतना तय है कि वोटों का बिखराव इस बार निर्णायक असर डालेगा।बिहार की जनता हर बार की तरह इस बार भी जातीय समीकरणों और स्थानीय मुद्दों से प्रभावित दिख रही है। बेरोजगारी, शिक्षा, महंगाई और कानून-व्यवस्था चुनावी विमर्श के केंद्र में हैं, लेकिन विकास और नेतृत्व की तुलना में भावनात्मक समीकरण ज्यादा असर डालते दिख रहे हैं। तेजस्वी जहां युवाओं को रोजगार और परिवर्तन की बात कर रहे हैं, वहीं नीतीश कुमार अपनी सुशासन और विकास की छवि को दोहराने में लगे हैं।

6 नवंबर का मतदान सिर्फ 121 सीटों का फैसला नहीं करेगा, बल्कि यह तय करेगा कि बिहार की राजनीति आगे किस दिशा में बढ़ेगी। अगर पहले चरण में आरजेडी और उसके सहयोगी बढ़त बनाते हैं, तो तेजस्वी का रास्ता आसान होगा। लेकिन अगर नीतीश और भाजपा ने संतुलन बनाए रखा, तो बाकी चरणों में मुकाबला और भी दिलचस्प हो जाएगा।पहले चरण का चुनाव बिहार के भविष्य की सबसे बड़ी परीक्षा है सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए। 20 साल से बिहार की राजनीति जिन दो ध्रुवों पर टिकी रही है, वही अब फिर से आमने-सामने हैं। फर्क बस इतना है कि इस बार दोनों के पास खोने को भी बहुत कुछ है। नीतीश के लिए सत्ता का निरंतरता दांव पर है और तेजस्वी के लिए भविष्य की राजनीति का स्वप्न। यह चरण तय करेगा कि जनता किसे अगले पांच साल की बागडोर सौंपना चाहती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 नवम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 18:47 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 09:39 तक, योग : सिद्धि, 11:22 तक, सूर्योदय: 05:43, सूर्यास्त: 16:57, चन्द्रोदय : 16:36, चन्द्रास्त: 05:10, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 11:20 से 12:43

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के आमदनी एवं लक्ष्मी भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। इस दौरान रात तक कोई खास डील के फाइनल होने के आसार बन रहे हैं।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का आज ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। किसी कानूनी विवाद में सफलता मिलने की प्रबल संभावना दिख रही है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों का आज का दिन काफी रचनात्मक रहने वाला है। किसी क्रिएटिव और कलात्मक काम को पूरा करने में आप समय बिता सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों का आज का दिन काफी सृजनात्मक रहने वाला है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि वालों का आज का दिन काफी व्यस्त रहने वाला है। धर्म-अध्यात्म के मामलों से आपकी रुचि दिखाई दे रही है। कार्यक्षेत्र पर आज के दिन आपको थोड़ा अधिक सतर्क रहना होगा।

**कन्या :** आज के दिन कन्या राशि वालों को बातचीत के दौरान संयम और सावधानी बरतनी होगी। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।

**तुला :** तुला राशि के जतकों के लिए आज का दिन लाभकारक रहने वाला है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** आर्थिक दृष्टि से वृश्चिक राशि का जातकों का दिन शुभ रहने वाला है। माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु :** धनु राशि के जातकों को आज के दिन सावधानी और सतर्कता बरतने की जरूरत है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर :** मकर राशि के जातकों का आज का दिन सामान्य रहने वाला है। भागीदारी में किया गया व्यापार आपको काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3254

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | |
| 9 | | 10 | | ■ | 11 | | 12 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | | ■ | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | | 24 | |
| | ■ | 25 | ■ | 26 | 27 | | ■ | | ■ |
| 28 | | | | ■ | | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 1) जल्दी जल्दी, 3) हटाना *(सेवा से)*, 6) टाँगना, 8) प्रतिज्ञा के रूप में कही गई बात, 9) गले लगना, 11) स्मारक, 13) प्रभाव, 15) भाथा, 17) गति, 18) छाती, 19) वाक़या, 21) कुछ, 22) बददुआ, 23) शस्त्र, 26) विवश, 28) भगवान बुद्ध, 29) अकेला.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सुविधा, 2) स्थगित होना, 3) प्रतिध्वनी, 4) झूठा, 5) मातामही, 7) क्रांतिकारी परिवर्तन, 10) रिसना, 12) घड़ा, 14) प्रबल; आग्रही; प्रभावी, 16) पावती, 19) गोलमाल, 20) शेर, 21) ग़ायब, 24) न्यायालय में अर्ज़ीनामा, 25) हक्का-बक्का, 27) एक पेय.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | फ़ा | य | दा | ■ | मु | द्द | त | ■ | द |
| ■ | ■ | म | स | ख़ा | रा | ■ | ब | छि | या |
| म | ला | ल | ■ | या | द | ■ | सु | ■ | ■ |
| मी | ल | ■ | म | ल | ■ | आ | म | द | नी |
| ■ | सा | मा | न | ■ | ना | ग | ■ | शा | ला |
| बे | ■ | ■ | मु | शा | ह | रा | ■ | न | मी |
| अ | ट | प | टा | ■ | क़ | ■ | आ | न | ■ |
| द | ■ | ह | व | स | ■ | श | शि | ■ | त |
| ब | क | रा | ■ | भी | ड़ | ■ | क़ | री | ब |

## सुडोकू-पहेली-3211

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | | |
| | 6 | | | 5 | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | | 2 | | | 4 | | | 3 |
| | 9 | | | | 2 | 6 | | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | |
| | 4 | | | | 1 | 9 | | |
| | | 6 | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | | | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3210 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 1 | 9 | 6 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 7 | 3 | 2 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 |

# तृणमूल अपनी पूरी ताकत से नागरिकों की करेगी मदद : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा**

एसआईआर को लेकर राज्य की राजनीति में उथल-पुथल मचा हुआ है। कई राज्यवासी मतदाता सूची में गहन संशोधन की प्रक्रिया को लेकर घबराए हुए हैं। अगर घर बंद होने के कारण बीएलओ वापस चले गए तो क्या होगा? दरअसल, मंगलवार से, बीएलओ घर-घर जाकर गणना फॉर्म बांट रहे हैं। वे बाद में उन्हें ले जाएंगे। लेकिन अगर घर पर कोई नहीं होगा तो क्या होगा? अगर बीएलओ वापस आ चले गए तो क्या किया जा सकता है? ऐसे में ममता ने कहा कि नागरिकों की मदद के लिए हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इलाके में तृणमूल खेमे की ओर से नागरिकों को हर तरह की मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जानकारी केवल आधिकारिक बीएलओ को ही दी जानी चाहिए, सभी को नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि कौन से दस्तावेज दिखाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि तृणमूल अपनी पूरी ताकत से नागरिकों की मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अगर बीएलओ घरों से लौट जाते हैं, तो क्या नाम छूट जाएंगे? इसलिए तृणमूल ने, इलाके में हेल्पडेस्क स्थापित किए हैं। वे आपकी मदद करेंगे। उन्होंने सबको भरोसा दिलाया कि आधार कार्ड के साथ आपको एक और दस्तावेज देना होगा। आप किसी के घर का दस्तावेज दे सकते हैं। अब सबके पास बैंक खाता है, दिखाओ। अगर उनके पास स्कूल का सर्टिफिकेट है, तो दिखाओ। जहां तक मुझे पता है, वह सर्टिफिकेट जन्म प्रमाण पत्र का काम करता है। उसे दिखाओ। कुछ लोगों के पास ओबीसी सर्टिफिकेट भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आपको अकेले रहना पड़े, तो भी हम आपकी मदद करेंगे।



### एसआईआर को लेकर अभिषेक बनर्जी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा, कहा...

## 'पीएम आम जनता पर मनमाने फैसले थोप रहे हैं'

❑ तृणमूल नेता ने दिल्ली में प्रदर्शन की दी चेतावनी ❑ आरोप, राज्य में एसआईआर के खौफ में 7 लोगों ने दी जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला। अभिषेक ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार इस प्रक्रिया का इस्तेमाल आम मतदाताओं को डराने और मताधिकार से वंचित करने के लिए कर रही है। उन्होंने कथित तौर पर इस कवायद के डर से हुई मौतों को लेकर नयी दिल्ली में बड़े प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस दिन, एसआईआर के खिलाफ रेड रोड पर बी आर आंबेडकर की प्रतिमा से जोड़ासांको तक आयोजित रैली के बाद, अभिषेक ने दावा किया कि पिछले सात दिनों में राज्य में सात पात्र मतदाताओं ने एसआईआर के डर से अपनी जान दे दी। इस कवायद को 'हेराफेरी का अदृश्य प्रयास' बताते हुए उन्होंने दावा किया कि मोदी आम जनता पर अपनी मनमानी थोपने की कोशिश करते हैं। चाहे वह नोटबंदी हो या नागरिकता संबंधी दस्तावेजों की मांग। उन्होंने हमेशा गरीब और मध्यम वर्ग पर अपने फरमान थोपने का प्रयास किया है। हम दिल्ली के जमींदारों के आगे झुकने वाले नहीं हैं। अभिषेक ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर फैले डर और भ्रम ने पहले ही कई जिंदगियां ले ली हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अगर पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए तो बंगाल चुप नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने जून में एसआईआर के लिए अधिसूचना जारी की थी, तो हमने कहा था कि अगर एक भी पात्र मतदाता का नाम सूची से हटाया गया, तो बंगाल की ताकत दिल्ली में दिखेगी। आज मैं सबसे पूछ रहा हूं: क्या आप दिल्ली जाने के लिए तैयार हैं? हम पूरे देश को बंगाल की ताकत दिखाएंगे। तृणमूल कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़ी एक संस्था और निर्वाचन आयोग ने मिलकर एसआईआर के ज़रिए 'डर का माहौल' बनाया है, जिससे 'उन लोगों' ने आत्महत्या कर ली जिन्हें बांग्लादेशी बताया गया, जबकि उनके नाम 2002 की मतदाता सूची में थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर सीधा हमला करते हुए अभिषेक ने कहा कि उन्होंने हाल ही में दावा किया था कि जो लोग यहां पैदा नहीं हुए हैं, उन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। अगर उनमें हिम्मत है, तो वह यह कहें कि कराची में पैदा हुए लाल कृष्ण आडवाणी भी वोट नहीं दे सकते। उन्होंने भाजपा को चेतावनी दी कि वह हिंदू शरणार्थी समुदाय, मतुआ लोगों को नागरिकता के वादे करके गुमराह न करे।

## एसआईआर बेहद समझौतावादी संस्था की ओर से की जा रही 'हेराफेरी' : डेरेक ओ'ब्रायन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद को मंगलवार को 'एक बेहद समझौतावादी संस्था (निर्वाचन आयोग) की ओर से की जा रही हेराफेरी' करार दिया। इसके साथ ही ओ'ब्रायन ने दावा किया कि उनकी पार्टी 2026 में पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों में भारी जीत दर्ज करेगी। इस दिन, ओ'ब्रायन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में निर्वाचन आयोग पर कटाक्ष करते हुए उसे



'बेहद समझौतावादी' बताया और आरोप लगाया कि एसआईआर एक 'हेराफेरी' है। उन्होंने लिखा कि 2011, 2014, 2016, 2019, 2021, 2024। लगातार चुनावी जीत। लोग तृणमूल पर भरोसा करते आए हैं। ओ'ब्रायन 2011, 2016, 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों और 2014, 2019, 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी के शानदार प्रदर्शन का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मिलकर एसआईआर के खिलाफ लोगों का नेतृत्व कर रहे हैं, जो कि बेहद समझौतावादी (निर्वाचन आयोग) संस्था की ओर से की जा रही एक हेराफेरी है। ओ'ब्रायन ने लिखा कि 2026 में बंगाल में चुनाव होंगे, जिसमें हम फिर से जीतेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

सूचना सं. एस.4/एस/डीएपी/2025-26 दिनांक 04.11.2025 के संबंध में शुद्धिपत्र, जो पहले इस समाचार पत्र में मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स द्वारा वर्ष 2025 के नवंबर माह के लिए सियालदह मंडल के ई-नीलामी कार्यक्रम के विज्ञापन के लिए प्रकाशित किया गया था, इसमें निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाएगा: सियालदह मंडल की मौजूदा नीलामी तिथि: 06.11.2025, **सियालदह मंडल की संशोधित नीलामी तिथि: 28.11.2025,** अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

STORES-47/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastemRailway @easternrailwayheadquarter

**भागलपुर से एसएमवीटी बेंगलुरु के लिए वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

**शुद्धिपत्र**

**भागलपुर से एसएमवीटी बेंगलुरु के लिए वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** के संचालन के संबंध में इस समाचारपत्र में दिनांक 04.11.2025 को प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञप्ति के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता है कि **03403 भागलपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** विशाखापट्टणम के स्थान पर विजयनगरम एवं दुव्वाडा स्टेशनों के बीच **कोत्तवलसा** में नीचे उल्लेखित समय-सूची के अनुसार ठहरेगी: **03403 भागलपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन : कोत्तवलसा में समय-सूची : आगमन 01.30 बजे, प्रस्थान 01.32 बजे।**

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एमसी/एससी/हाइड्रा/2025, दिनांक 01.11.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(को.), पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से "दो पैकेट प्रणाली" में मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/विवरण:** "03 वर्ष की अवधि के लिए नैहाटी डिपो हेतु 10 एमटी क्षमता हाइड्रा, 09 एमटी क्षमता लॉरी और पिकअप वैन को किराए पर लेना।" **निविदा मूल्य :** रु.3,67,98,300/-, **बयाना राशि :** रु. 3,34,000/-, **ठेका अवधि : 03 वर्ष, बोली प्रारंभ करने की तिथि** :10.11.2025, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 24.11.2025 को 15.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

SDAH-246/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सर्कुलर रेलवे की ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

बाजे कदमतला घाट और निमतला घाट पर दिनांक 05.11.2025 को पावन देव दीपावली उत्सव मनाया जाएगा। ऐसे में आसपास के क्षेत्र में भारी भीड़ जमा होने की प्रत्याशा में, सर्कुलर रेलवे की निम्नलिखित ट्रेन सेवाएँ दिनांक 05.11.2025 **(बुधवार)** को निम्नानुसार संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू/मार्ग परिवर्तित करेंगी/निरस्त रहेंगी: ● **कोलकाता में संक्षिप्त यात्रा समाप्त (1)** 30324 हासनाबाद-माझेरहाट लोकल (टाला में 10.45 बजे) **(2)** 30346 बनगाँव-माझेरहाट लोकल (टाला में 11.51 बजे) **(3)** 30312 बारासात-माझेरहाट लोकल (टाला में 16.34 बजे) **(4)** 30122 नैहाटी-बालीगंज जंक्शन लोकल (टाला में 16.14 बजे) **(5)** 30314 दत्तपुकुर-माझेरहाट लोकल (टाला में 18.58 बजे) ● **कोलकाता से संक्षिप्त यात्रा शुरू: (1)** 30333 माझेरहाट - हाबरा लोकल (टाला में 12.32 बजे) **(2)** 30311 माझेरहाट - बारासात लोकल (टाला में 13.36 बजे) **(3)** 30331 माझेरहाट - हाबरा लोकल (टाला में 18.25 बजे) **(4)** 30111 बालीगंज जंक्शन - बैरकपुर लोकल (टाला में 19.35 बजे) **(5)** 30313 माझेरहाट-बारासात लोकल (टाला में 20.47 बजे) ● **सियालदह (उत्तर) में मार्ग परिवर्तन और संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30154 नैहाटी - माझेरहाट लोकल [सियालदह में 18.55 बजे (लगभग)]। ● **सियालदह (उत्तर) से शुरू:** 30123 माझेरहाट - नैहाटी लोकल (सियालदह से 20.20 बजे) ● **माझेरहाट के लिए कांकुड़गाछी रोड - बालीगंज जंक्शन होकर मार्ग परिवर्तन:** 30332 हाबरा-माझेरहाट लोकल [माझेरहाट में 16.05 बजे (लगभग)]। ● **माझेरहाट से परिवर्तित मार्ग होकर चलेगी:** 30353 माझेरहाट - दत्तपुकुर लोकल (माझेरहाट से 16.20 बजे) ● **माझेरहाट के लिए निर्धारित मार्ग होकर चलेगी:** 30152 नैहाटी-माझेरहाट लोकल (माझेरहाट में 18.05 बजे) ● **बालीगंज जंक्शन के माध्यम से परिवर्तित मार्ग होकर चलेगी:** 30135 माझेरहाट - रानाघाट लोकल (माझेरहाट से 18.13 बजे) ● **बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30711 लक्ष्मीकांतपुर - माझेरहाट लोकल (बालीगंज जंक्शन में 16.01 बजे) ● **बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू और बालीगंज जंक्शन-कांकुड़गाछी रोड होकर चलेगी:** 30317 माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (बालीगंज जंक्शन से 17.00 बजे) ● **बालीगंज जंक्शन में मार्ग परिवर्तन और संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30112 बैरकपुर - माझेरहाट लोकल (बालीगंज जंक्शन में 18.10 बजे) ● **बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू:** 30552 माझेरहाट-घुटियारी शरीफ लोकल (बालीगंज जंक्शन से 19.58 बजे) ● **माझेरहाट में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30416 सियालदह-बि.बा.दी. बाग लोकल माझेरहाट होकर (माझेरहाट में 17.34 बजे) ● **माझेरहाट से संक्षिप्त यात्रा शुरू:** 30451 बि.बा.दी. बाग-बारुईपुर लोकल माझेरहाट होकर (माझेरहाट में 18.45 बजे)।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### मृत मतदाताओं के नाम पर फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र तैयार करने का आरोप

# शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल के खिलाफ सीईओ के पास दर्ज कराई शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जन्म प्रमाण-पत्र जारी करने में बड़े पैमाने पर विसंगतियों का आरोप लगाया। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी के दो अन्य नेताओं के साथ सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल से मुलाकात की और एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी करने के लिए तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी एजेंसियां फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र तैयार कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के उस आदेश के बाद जिलों और नगरपालिका क्षेत्रों में देर से जन्म पंजीकरण कराने की घटना में बढ़ोतरी देखी गयी है, जिसमें जन्म प्रमाण-पत्र को नागरिकता सत्यापन के लिए वैध दस्तावेजों के रूप में सूचीबद्ध किया गया



था। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि नागरिकता के संदिग्ध दावों को मान्य करने के गुप्त उद्देश्य से देरी से जन्म पंजीकरण कराने संबंधी आवेदनों में तीव्र वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं और उसे सुगम बना रहे हैं। भाजपा नेता ने स्थानीय स्वशासी निकायों के एक वर्ग पर 'प्रशासन के इशारे पर' गड़बड़ी करने का आरोप लगाया और आयोग से निष्पक्ष एवं पारदर्शी सत्यापन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि अक्सर 'खोए हुए दस्तावेजों' की आड़ में, पूर्वव्यापी प्रभाव से फर्जी प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में, लोगों ने स्थानीय पुलिस थानों में सामान्य डायरी प्रविष्टियां दर्ज कराईं, जिसमें दावा किया गया कि उनके जन्म प्रमाण-पत्र गुम हो गए हैं और बाद में छेड़छाड़ किए गए रिकॉर्ड के आधार पर नये प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। भाजपा नेता ने दावा किया कि आधिकारिक रिकॉर्ड में मृत मतदाताओं को जीवित दिखाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सत्यापन के दौरान किसी भी तरह की जालसाजी का पता चला, तो उनकी पार्टी सख्त कार्रवाई की मांग करेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की सूची उनके पदनामों के साथ 24 घंटे के भीतर सीईओ की वेबसाइट पर प्रकाशित करने और आधार से जुड़े दस्तावेज़ों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हमने मांग की है कि सीईओ बीएलओ की सूची उनके पदनामों के साथ प्रकाशित करें। ऐसे मामले हैं, जहां एक मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइए को बीएलओ के रूप में नामित किया गया है। ऐसी रिपोर्ट दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना और कूच बिहार जिलों से प्राप्त हुई हैं।

**NAME CHANGE**

I, Soumitra Mandal s/o. Santosh Mandal, r/s.-Boyarbandha, Kaspu, Dist.-Nadia, WB-741160 declare that my daughter's actual name is Suhani Mandal & have changed my daughter's name in my Service Book as Suhani Mondal to Suhani Mandal, before the Executive Magistrate, Purba Bardhaman & Affidavit No.-1528, Dtd. 14.10.2025. So, Suhani Mandal & Suhani Mondal both are the same and one identical person.

## गाइघाटा में अभिभावकों ने शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी पर जाने से रोका, स्कूल में जड़ा ताला

**❑ स्कूल में शिक्षकों की कमी से नाराजगी, प्रशासन के आश्वासन के बाद खुला स्कूल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मंगलवार से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इस दौरान, बीएलओ कर्मियों को घर-घर जाकर मतदाता सूची से जुड़ा काम करना है। लेकिन, उत्तर 24 परगना जिले के गाइघाटा में एक विचित्र घटना सामने आई। यहां अभिभावकों ने स्कूल शिक्षकों को बीएलओ के काम पर जाने से रोक दिया और उन्हें स्कूल के भीतर ताला बंद कर दिया। सूत्रों के अनुसार, गाइघाटा थाना इलाके के चंडीगढ़ स्पेशल कैडर एफ.पी. विद्यालय में कुल तीन शिक्षक कार्यरत हैं। यही तीनों शिक्षक बच्चों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा संभालते हैं। लेकिन, चुनाव आयोग की ओर से इन्हीं तीनों को बीएलओ का दायित्व सौंपा गया। इससे अभिभावकों में आक्रोश फैल गया कि अगर सभी शिक्षक ड्यूटी पर चले गए तो बच्चों की पढ़ाई ठप हो जाएगी।

अभिभावकों ने मंगलवार को जैसे ही शिक्षकों को स्कूल में प्रवेश करते देखा, उन्होंने गेट पर ताला लगाकर उन्हें अंदर ही बंद कर दिया। उनका कहना था कि शिक्षकों का काम पढ़ाना है, बीएलओ की ड्यूटी करना नहीं। इस घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे जॉइंट बीडीओ और गाइघाटा थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन स्थिति को सामान्य करने में जुटा है।

### एसआईआर मामले की त्वरित सुनवाई की याचिका खारिज

## फिलहाल तत्काल सुनवाई की जरूरत नहीं : कोलकाता हाईकोर्ट

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को एसआईआर (स्पेशल इन्क्वायरी रजिस्ट्रेशन) से जुड़ी याचिका पर त्वरित सुनवाई की मांग को खारिज कर दिया। यह लगातार दूसरा दिन था जब इस विषय पर जल्दी सुनवाई की अपील अदालत के समक्ष रखी गई और दोनों ही बार अदालत ने उसे अस्वीकार कर दिया।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सव्यसाची चट्टोपाध्याय ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ के समक्ष आग्रह किया कि चूंकि राज्य में मंगलवार से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसलिए मामले की तात्कालिक



सुनवाई की जाए।

हालांकि, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल ने कहा कि इस समय तत्काल सुनवाई की आवश्यकता नहीं है, और अदालत ने निर्देश दिया कि इस मामले की अगली सुनवाई आगामी सोमवार को की जाएगी।

इस निर्णय के साथ अदालत ने स्पष्ट संकेत दिया कि एसआईआर से संबंधित सभी याचिकाओं की सुनवाई निर्धारित प्रक्रिया और समय के अनुसार ही की जाएगी।

**खड़गपुर मंडल पर पार्किंग और पे एंड यूज़ टॉयलेट अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, नीचे उल्लिखित ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: **(1). ई-नीलामी सूचना संख्या: कॉम/जी-30/2/पार्किंग/सीपीआरओ/25/15 दिनांक 03.11.2025, विवरण:** खड़गपुर (दक्षिण) में चार, बागनान (दक्षिण), रामराजतला, धलभूमगढ़, दासनगर और नलपुर में दोपहिया वाहन पार्किंग के लिए पार्किंग स्थल के लिए ई-नीलामी। **नीलामी कैटलॉग संख्या: पार्किंगकेजीपी25-15; नीलामी तिथि:** 14.11.2025, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11:00 बजे; **बंद होने का समय:** 12:20 बजे। **(2). ई-नीलामी सूचना संख्या: केजीपी/पीएनयू/2025/13 दिनांक: 03.11.2025; विवरण:** शालीमार के प्लेटफॉर्म 01 (एसआरसी छोर) पर नए स्टेशन भवन के भूतल पर स्थित सामान्य पे एंड यूज़ शौचालय इकाई, खड़गपुर के प्लेटफॉर्म संख्या 5/6, खड़गपुर में दक्षिण साइड बुकिंग कार्यालय के पास, बारीपदा में नया स्टेशन भवन, सांतरागाछी में उत्तर साइड पुराने बुकिंग कार्यालय और उत्तर साइड पार्किंग के पास और सांतरागाछी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 6/7 पर पे एंड यूज़ टॉयलेट ब्लॉक-I (ओएचई मास्ट संख्या 7/38ए के पास) और ब्लॉक-II (ओएचई मास्ट संख्या 7/34बी के पास) का संचालन और रखरखाव अनुबंध 3 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए। **नीलामी कैटलॉग संख्या: पीएनयूटीओआई-केजीपी25-14, नीलामी तिथि:** 14.11.2025, **नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमशः** 12:30 और 13:50 बजे। जिन्हें **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट पर अधिसूचित किया गया है (क्रमांक 1 और 2 के लिए)। इच्छुक पार्टियां और ठेकेदार इसका संज्ञान लें और ई-नीलामी नोटिस के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट पर जाएं। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

**(PR-804)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# ईडी और सीबीआई के नाम पर तीन तृणमूल विधायकों को गिरफ्तारी की धमकी

### मुंबई से ठगी की कोशिश – पुलिस में प्राथमिकी दर्ज

**कोलकाता :** एसआईआर कार्यक्रम शुरू होते ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के तीन विधायकों को निशाना बनाकर साजिश रचने का आरोप सामने आया है। इन विधायकों ने दावा किया है कि मुंबई से फोन कर खुद को ईडी और सीबीआई अधिकारी बताने वाले लोगों ने उनसे वसूली की कोशिश की और पैसे न देने पर गिरफ्तारी की धमकी दी। मंगलवार को तीनों विधायकों ने इस संबंध में थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

सूत्रों के मुताबिक, धमकी भरे फोन और ईमेल पाने वालों में गोसाबा विधायक सुब्रत मंडल, बारुईपुर पूर्व के विधायक विभास सरकार, और सोनारपुर उत्तर की विधायक फिरदौसी बेगम शामिल हैं।

विभास सरकार ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें मुंबई के कथित सीबीआई कार्यालय से फोन आया और भारी रकम की मांग की गई। जब उन्होंने पैसे देने से इंकार किया, तो उन्हें एक फर्जी बैंक ट्रांजेक्शन रिपोर्ट भेजी गई, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने सादाकत खान नामक एक आतंकी संगठन से जुड़े व्यक्ति को 3 करोड़ रुपये दिए हैं। आरोप लगाया गया कि उसी 'अपराध' के लिए उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। विधायक ने कहा, यह आरोप पूरी तरह झूठा है। मुझे झूठे तरीके से देशद्रोही ठहराने और बदनाम करने की साजिश की जा रही है।

इसी तरह, फिरदौसी बेगम और सुब्रत मंडल ने भी आरोप लगाया कि उन्हें सीबीआई और ईडी के नाम पर फर्जी कॉल और ईमेल मिल रहे हैं, जिनमें उन्हें विभिन्न गैरकानूनी गतिविधियों में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

इस पूरे मामले में दक्षिण 24 परगना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि यह घटना इस बात का उदाहरण है कि केंद्र सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/64, दिनांक: 03.11.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) **10251926**; एल्युमिनियम इम्पेलर और केसिंग । के साथ ट्रांसफॉर्मर के लिए ऑयल कूलिंग यूनिट; रु.1,49,740; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 25.11.2025 को 13.30 बजे; (2) **11251814**; फूटस्टेप अरेंजमेंट आदि का क्रय; रु.1,48,180; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 01.12.2025 को 13.30 बजे; (3) **15255031बी** ; ईओटी क्रेन, क्षमता:30/05 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.1,52,200; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 27.11.2025 को 13.30 बजे; (4) **10251791**; गियर व्हील 58 टीथ आदि की खरीद; रु.1,47,940; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.11.2025 को 13.30 बजे; (5) **11251818**; टू पीस ग्लास शटर (एफआरपी) असेंबली आदि का क्रय; रु.1,26,360; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 27.11.2025 को 13.30 बजे; (6) **20251092**;संलग्न अनुसार 13 आइटमों से सम्मिलित लेवलिंग वाल्व के लिए ओवरहॉलिंग किट; रु.1,52,160; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 04.12.2025 को 13.30 बजे; (7) **20251087**;एम/कोच के एक्सल बॉक्स गाइड अरेंजमेंट के लिए लोअर रबर वाशर; रु.1,12,990; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 29.12.2025 को13.30 बजे; (8) **15255128**; ईओटी क्रेन क्षमता-03 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.1,26,840; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 17.12.2025 को 13.30 बजे; (9) **10252142ए**; पी7/जी9 लोको के लिए स्फेरिब्लॉक; रु.12,54,430; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.11.2025 को 13.30 बजे; (10) **11251833**; सेकंडरी लैटरल डैंपर; रु. 2,17,510; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 26.11.2025 को 13.30 बजे; (11) **11251150**; एलएचबी एसी कोचों के लिए सेकंडरी वर्टिकल डैंपर आदि का क्रय; रु.4,91,970; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 25.11.2025 को 13.30 बजे; (12) **11251548**; नकल; रु.1,60,700; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 24.11.2025 को 13.30 बजे; (13) **04255020**; स्टॉप ब्रेक वाल्व एसबीएस -30बीए एसएई6 एमएच 653363 या कंट्रोल वाल्व ब्लॉक एनजी 32क्यू600 डीपी30 आइडेंट नं. 653363/02 या काउंटरबल वाल्व ब्लॉक एनजी32 क्यू 600 डीपी30 आइडेंट नं. 653363/02. प्रस्तुतकारक-मॉनटेन; रु.2,06,490; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 26.11.2025 को 13.30 बजे; (14) **11251010**; साइड बेयरर के लिए वेयरिंग पीस आदि का क्रय; रु.1,83,660; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 29.11.2025 को 13.30 बजे; (15) **07251002ए**; स्पेसिफिकेशन आईआरएस:एम-28/2020 और एसटीआर: आरडीएसओ एमसी एसटीआर डब्ल्यू01 रिव-03 के अनुसार मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड का क्रय, क्लास-ए2 (रूटील टाइप), कोटिंग का प्रकार: मीडियम, आईएस:814-2004 (आर 2016) के अनुसार कोड, साइज: 4 मिमी.X450 मिमी.; रु. 2,28,380; (16) **11251642**; रेगुलेटेड बैटरी चार्जर आदि; रु.17,07,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 24.11.2025 को 13.30 बजे (क्रम सं. 15 और 16 प्रत्येक हेतु); (17) **11252623**; नकल; रु.5,53,920; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 26.11.2025 को 13.30 बजे; (18) **15255005बी**; स्पेसिफिकेशन नं. अनेक्सर/ईओटीसी/5टी/केपीए के अनुसार ईओटी क्रेन क्षमता 5टी; रु.1,41,400; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 25.11.2025 को 13.30 बजे; (19) **12254007**; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-3706 के तहत एचवीएन इंसुलेटिंग लाइनर 66 के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 07.11.2025 को 13.30 बजे; (20) **22255227ए**; इंज लस्पैटरसेप्ट 25 मिग्रा आइटम कोड नं.: एम251033, एआई 25-26; रु. 0; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 04.11.2025 को 13.30 बजे; **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 20 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-46/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आसनसोल मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य हेतु ट्रेनों का नियंत्रण**

**संशोधनी**

आसनसोल मंडल के बर्द्धमान-आसनसोल खंड के दुर्गापुर में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य हेतु ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह बताया जाता है कि नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य की अनुसूची को निम्नानुसार संशोधित किया गया है: पूर्व प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य **दिनांक 02.11.2025 से 09.11.2025 तक**, प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य **दिनांक 10.11.2025 से 22.11.2025 तक** और **दिनांक 23.11.2025 को 06 घंटे का ब्लॉक।** इसके परिणामस्वरूप, ट्रेन के नियंत्रण में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं: ● **ट्रेनों की अतिरिक्त रद्दगी:** (1) **63515** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2025), (2) **63517** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2025 और 23.11.2025), (3) **63521** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2025), (4) **63516** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2025), (5) **63518** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2025), (6) **63524** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2025), (7) **63522** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025), (8) **63527** दुर्गापुर-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 05.11.2025 से 12.11.2025), (9) **63528** आसनसोल-दुर्गापुर एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 05.11.2025 से 12.11.2025)। ● **ट्रेनों का अतिरिक्त पुनर्निर्धारण:** (1) **13151** कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस(यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025) को 150 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (2) **12369** हावड़ा-हरिद्वार एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025) को 135 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (3) **11448** हावड़ा-जबलपुर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025) को 135 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (4) **12305** हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025) को 45 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (5) **13105** सियालदह-बलिया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025) को 100 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (6) **12326** नांगल डैम-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 22.11.2025) को 315 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (7) **13152** जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 21.11.2025) को 300 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (8) **12988** अजमेर-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 22.11.2025) को 290 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (9) **22348** पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस(यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025) को 255 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (10) **22347** हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस(यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025) को 255 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (11) **12304** नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 22.11.2025) को 225 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। (12) **12354** लाल कुआं-हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 22.11.2025) को 135 मिनट तक पुनर्निर्धारित किया जायेगा। ● **पुनर्बहाली:** ✦ निम्नलिखित ट्रेनें जिन्हें पहले पुनर्निर्धारित के रूप में अधिसूचित किया गया था, **अब अपने सामान्य मार्ग पर चलेंगी** (1) **12313** सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025)। (2) **12259** सियालदह-बीकानेर एसी दुरंतो एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025)। (3) **22304** गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025)। (4) **11447** जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 22.11.2025)। (5) **63507** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 18.11.2025)। ✦ निम्नलिखित ट्रेनें जिन्हें पहले रद्द के रूप में अधिसूचित किया गया था, **वे अब अपने सामान्य मार्ग पर चलेंगी** (1) **22911** इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 18.11.2025 और 20.11.2025)। (2) **22912** हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 20.11.2025 और 22.11.2025)। (3) **63508** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025)। (4) **63505** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 15.11.2025)। (5) **63507** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख 23.11.2025)। (6) **63512** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू की तारीख15.11.2025)।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने की मांग की

❑ भाजपा नेता ने सोदपुर से आगरपाड़ा तक 'परिवर्तन यात्रा' रैली का किया नेतृत्व

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को भाजपा की एक रैली का नेतृत्व किया और मांग की कि हर बांग्लादेशी घुसपैठिए को देश से बाहर निकाला जाए तथा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरी तरह से किया जाए। 'परिवर्तन यात्रा' नामक इस रैली ने पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र में सोदपुर ट्रैफिक मोड़ से बीटी रोड के साथ आगरपाड़ा तेंतुलतला मोड़ तक दो किमी की दूरी तय की। इस दौरान



हाथों में तख्तियां लिये हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की निंदा करते हुए नारे लगाये। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पिछले सप्ताह अगरपाड़ा के एक व्यक्ति की हुई दुखद मौत का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) या राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को लेकर डर से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि उसने तो 2002 में मतदान किया था और उसका नाम उस वर्ष की मतदाता सूची में था। विपक्ष के नेता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया को पटरी से उतारने के लिए उसकी मौत को 'एसआईआर' कवायद से गलत तरीके से जोड़ रही है। राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को रोकने की कोशिश करने की तृणमूल कांग्रेस को चुनौती देते हुए, शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि जिनके माता-पिता के पास भारत में आवासीय, जन्म प्रमाण पत्र हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। तृणमूल कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने 'एसआईआर' के प्रति तृणमूल के विरोध को 'असंवैधानिक' बताते हुए कहा कि उसे डर है कि एसआईआर में अवैध मतदाताओं का पता चलने के बाद मतदाता सूची से उनके नाम हटाये जाने तथा ऐसे अवैध मतदाताओं को हिरासत में लेकर देश से बाहर भेजे जाने के बाद उसका बहुत बड़ा मतदाता वर्ग हाथ से निकल जायेगा। उन्होंने राज्य में 'परिवर्तन' का आह्वान करते हुए कहा कि एसआईआर कम से कम आठ बार किया जा चुका है और यह देश हित एवं इसकी अखंडता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवश्यक था। तृणमूल अचानक इस मुद्दे पर क्यों जाग गई है और इस प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश कर रही है? लोगों ने उसके खेल को समझ लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पक्षपातपूर्ण पुलिस और प्रशासन ने रैली को रोकने की कोशिश की, लेकिन कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि पिछले मौकों की तरह, उन्होंने हमारी आवाज दबाने की कोशिश की, लेकिन न्यायपालिका ने फिर से सुनिश्चित किया कि हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन न हो। भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि इस रैली से जनता में ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पद से हटाने का संदेश जायेगा।

## नवम कक्षाओं के पंजीकरण में त्रुटि? 15 नवम्बर तक ऑनलाइन सुधार का अंतिम अवसर

### माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बढ़ाई समयसीमा



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नवम कक्षा के विद्यार्थियों के पंजीकरण में सुधार के लिए अंतिम समयसीमा बढ़ा दी है। स्कूलों द्वारा भेजी गई जानकारी पर आधारित पंजीकरण प्रमाणपत्रों में यदि किसी स्थान पर नाम, जन्मतिथि या अन्य कोई विवरण गलत है, तो उसे 6 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 के बीच परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन सुधारा जा सकेगा।

परिषद ने स्पष्ट किया है कि 15 नवम्बर के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस तिथि के बाद पंजीकरण में शेष रह गयी त्रुटियों की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालयों पर होगी और उन्हें बाद में शुल्क/जुर्माना देकर ही सुधार कराना होगा।

यह संशोधन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 2025 में पंजीकृत ये विद्यार्थी वर्ष 2027 में माध्यमिक परीक्षा में बैठेंगे; पहले से जानकारी की जाँच कर लेने से एडमिट कार्ड व परीक्षा से संबंधित किसी भी परेशानी से बचा जा सकेगा। विद्यालयों व अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे शीघ्रता से सभी पंजीकरण प्रमाणपत्रों की समीक्षा कर आवश्यक सुधार कराएँ।

## गुटखा और पान मसाला के उत्पादन, भंडारण व बिक्री पर एक वर्ष के लिए फिर लगा प्रतिबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में गुटखा और पान मसाला के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर एक बार फिर प्रतिबंध बढ़ा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग (स्वास्थ्य भवन) ने सोमवार को जारी अधिसूचना के माध्यम से इस प्रतिबंध को एक वर्ष के लिए और बढ़ाने की घोषणा की है। बता दें कि राज्य सरकार ने वर्ष 2012 से ही गुटखा, पान मसाला और चबाने योग्य तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है। हर वर्ष इसकी अवधि बढ़ाते हुए नई अधिसूचना जारी की जाती है। इस बार, नया प्रतिबंध 7 नवम्बर 2025 से प्रभावी होगा, जो 6 नवम्बर 2026 तक लागू रहेगा। स्वास्थ्य भवन की ओर से बताया गया कि यह निर्णय 'खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2011' की विक्रय संबंधी नियंत्रण और निषेध की धाराओं के अनुरूप लिया गया है।

इस अधिनियम के तहत तंबाकू या निकोटिन युक्त किसी भी खाद्य पदार्थ के निर्माण, भंडारण और विक्रय को अस्वीकृत घोषित किया गया है। राज्य सरकार का कहना है कि गुटखा और तंबाकू युक्त पान मसाला से स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं, विशेषकर कैंसर, मुख रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है। इसी कारण इस पर निरंतर प्रतिबंध जारी रखना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने जिलाधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे बाजारों और दुकानों में नियमित जांच अभियान चलाएं और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करें।

## न्यूटाउन में स्वर्ण व्यवसायी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत, बीडीओ पर हत्या का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

दत्ताबाद के एक स्वर्ण व्यवसायी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों का आरोप है कि व्यवसायी का अपहरण कर हत्या की गई, और बाद में शव को फेंक दिया गया। मृतक की पहचान स्वप्न कमिला के रूप में हुई है। वे मूल रूप से पश्चिम मेदिनीपुर जिले के नीलदा पोस्ट ऑफिस अंतर्गत दिलमाटिया गांव के निवासी थे, लेकिन पिछले कई वर्षों से दत्ताबाद में रहकर सोने-चांदी के व्यवसाय से जुड़े थे।

परिवार के अनुसार, गत 28 अक्टूबर को स्वप्न को दत्ताबाद स्थित उनकी सोनार की दुकान से उठाया गया था। उनके साथ दुकान के मालिक गोविंद बाग को भी ले जाया गया था। हालांकि, गोविंद को बाद में छोड़ दिया गया, लेकिन स्वप्न का कुछ पता नहीं चला। अगले दिन न्यूटाउन के यात्रागाछी इलाके के बागजोला नहर किनारे की झाड़ियों से एक शव बरामद हुआ, जिसे पहचान के बाद स्वप्न कमिला का शव बताया गया। परिजनों ने बिधाननगर दक्षिण थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि राजगंज के बीडीओ प्रशांत बर्धन ने ही स्वप्न का अपहरण करवाया और फिर उसकी हत्या कर दी। शिकायत के अनुसार, 28 अक्टूबर की शाम को स्वप्न की दुकान के बाहर दो गाड़ियां आई थीं –एक सफेद और एक काली। एक गाड़ी पर नीली बत्ती लगी हुई थी। गाड़ी से उतरे व्यक्ति ने स्वयं को प्रशांत बर्धन, बीडीओ, राजगंज बताया और अपने साथियों के साथ स्वप्न और गोविंद को अपने साथ ले गया। मृतक की पत्नी ने बताया कि कुछ दिन पहले प्रशांत बर्धन के घर में चोरी की घटना हुई थी। चोरी के संबंध में जानकारी लेने के बहाने प्रशांत स्वप्न की दुकान पर आए थे और उन पर आरोप लगाया था कि उनके घर से चोरी गए सोने के गहने दुकान में बेचे गए हैं। परिवार का कहना है कि उसी विवाद के चलते स्वप्न को अगवा कर हत्या की गई। घटना की जांच में पुलिस जुट गई है और कई पहलुओं से मामले की पड़ताल की जा रही है। दत्ताबाद और यात्रागाछी क्षेत्र में इस रहस्यमय हत्या को लेकर भय और आक्रोश का माहौल है।

## पांसकुड़ा में गृहिणी से सामूहिक दुष्कर्म, दो नाबालिग गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के पांसकुड़ा के सुंदरनगर क्षेत्र में एक विवाहित महिला से सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस मामले में दो नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह (होम) भेजा गया है। अदालत के फैसले के बाद पुलिस ने सोमवार की शाम जानकारी दी। उन्होंने बताया रविवार की देर शाम पीड़िता अपने दो छोटे बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। उसका पति काम के सिलसिले में बाहर था। इसी दौरान घर के भीतर स्थित हरिमंदिर में दीप जलाने गई महिला पर दो नाबालिगों ने हमला किया। उन्होंने महिला का मुंह दबाकर जबरन कमरे में घुसाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नाबालिग आरोपितों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपराध स्वीकार किया। इसके बाद, अदालत के निर्देश पर उन्हेंबाल सुधार गृह (होम) भेज दिया गया। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से अवैध शराब का अड्डा चल रहा था और वही नाबालिग अक्सर महिला का पीछा करते थे। उन्होंने कई बार आपत्ति भी जताई थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। आखिरकार, इसी का नतीजा यह दर्दनाक वारदात बनी।

## बजाज फाइनेंस के फेस्टिव लोन वॉल्युम में 27% की वृद्धि, वित्तीय समावेशन को मिला नया आयाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने त्योहारी सीजन में उपभोक्ता कर्ज की मांग में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27% अधिक संख्या में और 29% अधिक मूल्य के उपभोक्ता ऋण वितरित किए। यह वृद्धि जीएसटी सुधारों और आयकर दरों में बदलावों के सकारात्मक असर के रूप में देखी जा रही है, जिसने उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को मजबूत किया है। 22 सितंबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच कंपनी ने 63 लाख कर्ज वितरित किए और 23 लाख नए ग्राहक जोड़े, जिनमें से 52% ने पहली बार कर्ज लिया। इससे वित्तीय समावेशन को नई दिशा मिली। बजाज फाइनेंस के चेयरमैन संजय बजाज ने कहा कि सरकार के सुधारों ने भारत की उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दी है।

## दिघा जगन्नाथधाम मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत - विश्व हिंदू परिषद की याचिका खारिज

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने दिघा के जगन्नाथधाम को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने मंगलवार को यह फैसला सुनाते हुए कहा कि मामलाकार यदि चाहे तो सभी दस्तावेजों के साथ नया मामला दायर कर सकता है।



विश्व हिंदू परिषद ने अदालत में यह सवाल उठाया था कि दिघा के जगन्नाथ मंदिर के नाम में 'धाम' शब्द क्यों जोड़ा गया। परिषद का तर्क था कि हिंदू धर्म में केवल चार 'धाम' होते हैं – बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी और रामेश्वरम – जो श्रद्धा और आस्था के प्रतीक हैं। परिषद का कहना था कि किसी भी मंदिर को मनमाने ढंग से 'धाम' घोषित नहीं किया जा सकता। इसलिए उनकी मांग थी कि 'धाम' शब्द को हटाया जाए।

मामले की सुनवाई कई महीनों से चल रही थी। अदालत ने बताया कि याचिकाकर्ता की मांग पर कई बार सुनवाई स्थगित की गई और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने का अवसर भी दिया गया था। लेकिन अब और देरी संभव नहीं है। अदालत ने कहा कि अगर बार-बार अवसर दिए जाएं, तो अंतिम मौका शब्द का अर्थ ही समाप्त हो जाएगा।

इस प्रकार, कोलकाता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार के पक्ष में फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि विश्व हिंदू परिषद चाहे तो सभी जरूरी कागजातों के साथ नया मामला दायर कर सकती है।

## मलिक फाटक के प्रिय समाजसेवी ज्ञान सिंह का निधन

**हावड़ा, समाज्ञा :** मलिक फाटक इलाके के चर्चित समाजसेवी और मिलनसार स्वभाव के धनी, ज्ञान सिंह का शनिवार, 1 नवंबर को रात में ब्रेन स्ट्रोक के कारण आईएलएस अस्पताल में इलाज चल रहा था। गंभीर हालत के बावजूद उनका निधन सोमवार, 3 नवंबर को हो गया। उनके निधन की खबर से इलाके में शोक की लहर फैल गई। ज्ञान सिंह का शव उनके निवास स्थान गंगेज गार्डन लाया गया, जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोग जुटे और उन्होंने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अंतिम संस्कार की विधि निमतला घाट पर भूतनाथ बाबा के चरणों में रात्रि को



संपन्न हुई। ज्ञान सिंह अपने पीछे दो पुत्रों और दो पुत्रियों सहित सशक्त परिवार छोड़ गए। उनके सामाजिक कार्यों, मिलनसार स्वभाव और हर घर के सुख-दुख में साथी बनने की वजह से वह इलाके के लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे।

## जादवपुर की सुरक्षा को लेकर सक्रिय हुए नए स्थायी कुलपति, जल्द लगेंगे 74 सीसीटीवी

**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) को लगभग ढाई साल के लंबे इंतजार के बाद सोमवार को अपना स्थायी कुलपति (वीसी) मिल गया। चिरंजीब भट्टाचार्य ने औपचारिक रूप से यह पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, उन्होंने विश्वविद्यालय के पठन-पाठन में सुधार, प्रोफेसरों की नियुक्ति, और सबसे महत्वपूर्ण, परिसर की सुरक्षा बढ़ाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

कुलपति चिरंजीब भट्टाचार्य ने कहा कि विश्वविद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 74 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया को तेज करने का वादा किया है।

हाल ही में शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु की गाड़ी पर हुए हमले और एक छात्रा की झील में डूबने से हुई मौत की घटनाओं के बाद जादवपुर के दो परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए थे। इसके जवाब में ही राज्य सरकार ने इन दो परिसरों में 74 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए धनराशि स्वीकृत की थी।

वीसी ने आगे कहा, केवल सीसीटीवी ही नहीं, परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति के संबंध में भी मैं सरकार के साथ चर्चा करूंगा।

सुरक्षा के अलावा, चिरंजीब भट्टाचार्य ने शैक्षणिक उत्कृष्टता पर भी ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रोफेसरों की नियुक्ति जरूरी है। इस संबंध में राज्य सरकार से बात करूंगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह दिसंबर में दीक्षांत समारोह आयोजित करने की संभावना तलाश रहे हैं, और विश्वविद्यालय के मौजूदा कानूनों (स्टैच्यूट्स) पर भी सभी हितधारकों के साथ चर्चा करेंगे।

सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे विश्वविद्यालय पहुंचने पर प्रोफेसरों और अधिकारियों ने नए कुलपति का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## कोका-कोला इंडिया ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल को दी नई ताजगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवी मुंबई में आयोजित आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में इस बार ब्रेक के दौरान भी जोश कम नहीं हुआ। कोका-कोला इंडिया के हाफटाइम कैंपेन ने दर्शकों को एक नया अनुभव दिया, जब क्रिकेट रुका तो संगीत बज उठा। कोक स्टूडियो भारत के लोकप्रिय गायक आदित्य गढ़वी ने खलासी और मीठा खारा जैसे हिट गानों पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कोका-कोला इंडिया के आईएमएक्स लीड शांतनु गंगाने ने कहा कि यह पहल क्रिकेट और संस्कृति के संगम को नई परिभाषा देती है, जिससे खेल का रोमांच दोगुना हो जाता है। वहीं, आईसीसी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर अनुराग दहिया ने कहा कि यह साझेदारी क्रिकेट को और अधिक समावेशी और आनंददायक बनाती है। हाफटाइम अब सिर्फ ब्रेक नहीं, बल्कि खेल, संगीत और ताजगी का उत्सव बन गया है।

## केशियाड़ी के जंगल से एक व्यक्ति का झूलता शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशियाड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक व्यक्ति का झूलता शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना खाजरा-दो नंबर ग्राम पंचायत के साईगेरिया गांव के समीप डाही जंगल की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम निमाई हेमब्रम (70) है, जो केशियाड़ी थाना क्षेत्र के साईगेरिया गांव का निवासी था। इस दिन, सुबह में कुछ लोग जब जंगल के रास्ते से प्रातःभ्रमण कर रहे थे, तभी उन्होंने पेड़ से झूलता हुआ शव देखा और तुरंत स्थानीय लोगों को सूचना दी। इसके बाद, ग्रामीणों ने केशियाड़ी थाना पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारकर अपने कब्जे में लिया। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। मृत्यु के कारणों को लेकर रहस्य बरकरार है। पुलिस ने शव को खड़गपुर महकमा अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण।

## डोमकल में 10 सॉकेट बम बरामद, इलाके में मचा हड़कंप

**मुर्शिदाबाद :** जिले में एक बार फिर बम बरामदगी से सनसनी फैल गई है। मंगलवार को डोमकल थानांतर्गत रायपुर क्षेत्र से पुलिस ने 10 सॉकेट बम बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थानीय लोगों की सूचना पर डोमकल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी ली, जिसके दौरान ये बम बरामद हुए। घटना की जानकारी तुरंत बम निष्क्रिय दस्ते (बॉम्ब स्क्वॉड) को दी गई है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। फिलहाल, यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये बम किस उद्देश्य से और कहां से लाए गए थे।

## हरिदेवपुर गोलीकांड : महिला पर गोली चलाने वाला शूटर गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** हरिदेवपुर गोलीकांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में शूटर को भी गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार की रात को बालीगंज इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। वहीं, बेहाला के सरसुना इलाके से घटना में इस्तेमाल की गई आग्नेयास्त्र भी बरामद कर ली गई है। इससे पहले पुलिस ने गोलीकांड में घायल महिला के प्रेमी बबलू घोष को गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा है कि बबलू के दोस्त बप्पा दास को गिरफ्तार करने के बाद केवल एक दिन के भीतर ही पूरे मामले का खुलासा हो गया। पूछताछ में बप्पा ने स्वीकार किया कि वही गोली चलाने वाला शूटर था। पुलिस अब मामले की पृष्ठभूमि और पूरी साजिश की तह तक पहुंचने में जुटी है। गौरतलब है कि सोमवार की सुबह हरिदेवपुर निवासी मौसमी हलदार (50) पर टहलने के दौरान जानलेवा हमला हुआ था। पीछे से बाइक पर आए दो हमलावरों ने उन



पर गोली चलाई। गोली उनकी पीठ में लगी, लेकिन वे गंभीर रूप से घायल होकर भी बच गईं। गिरते समय उन्होंने पुलिस को अपने प्रेमी बबलू घोष का नाम लेकर उस पर शक जताया था। पुलिस ने मौसमी के बयान और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर तीन घंटे के भीतर बबलू को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि मौसमी और बबलू के बीच पिछले कुछ समय से विवाहेत्तर संबंधों को लेकर तनाव चल रहा था। मौसमी अब उस रिश्ते से बाहर निकलना चाहती थीं, लेकिन बबलू इस संबंध को खत्म करने के लिए तैयार नहीं था। इसी विवाद के चलते उसने अपनी प्रेमिका को खत्म करने की साजिश रची। पुलिस पूछताछ में बबलू ने कबूल किया कि बालीगंज से गिरफ्तार शूटर बप्पा दास उसका करीबी दोस्त है। दोनों ने मिलकर महिला पर हमले की योजना बनाई थी। फिलहाल, पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या इस साजिश में और भी लोग शामिल थे।

## मेदिनीपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**मेदिनीपुर :** मेदिनीपुर रेलवे स्टेशन के निकट मंगलवार को एक रेल दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। घटना गेटबाजार क्षेत्र की है, जहां वह महिला रेलवे लाइन पार कर रही थी। उसी समय अचानक तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही मेदिनीपुर आरपीएफ और जीआरपी (सरकारी रेलवे पुलिस) की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मेदिनीपुर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी, परंतु बाद में स्थानीय लोगों ने पहचान कर बताया कि महिला का घर सूर्यनगर, रांगामाटी, मेदिनीपुर टाउन क्षेत्र में है। पुलिस अब मृतका के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

## केष्टोपुर में भारी संख्या में विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बागुईआटी थाने की पुलिस ने सोमवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर केष्टोपुर के हानपाड़ा में छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से विभिन्न ब्रांडों की 53 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस का प्रारंभिक आकलन है कि शराब की अवैध रूप से तस्करी की जा रही थी। आरोपियों के नाम अतनु मंडल (26) और सूरज रॉय (24) है। दोनों उत्तर 24 परगना के न्यू टाउन थाना अंतर्गत चंदेबेरिया इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को मंगलवार को बारासात अदालत में पेश किया गया और सात दिन की पुलिस हिरासत के लिए आवेदन दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस शराब के स्रोत और तस्करी गिरोह से इसके संबंध की जांच की जा रही है। जांच जारी है।

## बीएसएफ ने जब्त किए 20 लाख बांग्लादेशी टका

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने 20 लाख बांग्लादेशी टका बरामद कर तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है। बरामद विदेशी मुद्रा की भारतीय मूल्य में कीमत लगभग 14 लाख 45 हजार 638 रुपये आंकी गई है। दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सोमवार को 161वीं वाहिनी की महाखोला सीमा चौकी के जवानों को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर




चेकपॉइंट से बचने के लिए केले के बागान के रास्ते से अवैध गतिविधि को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं। जिसके बाद जवानों ने एक संदिग्ध युवक को हाथ में बैग लेकर बागान की ओर जाते देखा। उन्होंने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे और केले के घने पेड़ों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जबकि बैग को मौके पर ही छोड़ गया। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति भी संदिग्ध गतिविधि करते देखा गया, जो बाद में मोटरसाइकिल से फरार हो गया। छोड़े गए बैग को कब्जे में लेकर सीमा चौकी ले जाया गया, जहां बैग की जांच की गई, तो उसमें 20 लाख बांग्लादेशी टका मिले। बीएसएफ ने विदेशी मुद्रा को जब्त करते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित विभाग के हवाले कर दिया है।

## मैदान स्टेशन पर ड्रेनेज पाइप लीक से सेंट्रल-दक्षिनेश्वर और अन्य मेट्रो सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो में मंगलवार को मैदान स्टेशन पर जल रिसाव के कारण अस्थायी परिवर्तन किए गए। सुरक्षा कारणों से सेंट्रल से दक्षिनेश्वर और महानायक उत्तम कुमार से शहीद खुदीराम स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाओं को 14:19 बजे से सीमित कर दिया गया। मेट्रो अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरंग में कोई रिसाव नहीं था, बल्कि सुरंग के अंदर स्थित ड्रेनेज पाइप में पानी रिसाव हुआ था। वरिष्ठ मेट्रो अधिकारी और इंजीनियर तुरंत मौके पर पहुंचे और समस्या का तत्काल समाधान करने में जुट गए। इंजीनियरों द्वारा किए गए सुधारात्मक कदमों के बाद ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से फिर से शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे असुविधा के दौरान संयम बनाए रखें और मेट्रो की आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान दें।

## पूर्व रेलवे ने यात्रियों से अलार्म चैन के सही उपयोग का किया आग्रह

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों द्वारा गैर-आपातकालीन परिस्थितियों में अलार्म चैन खींचने के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस तरह का दुरुपयोग ट्रेन संचालन को प्रभावित कर रहा है और सैकड़ों यात्रियों के लिए असुविधा पैदा कर रहा है।

रेलवे ने स्पष्ट किया कि अलार्म चैन का उपयोग केवल वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों जैसे मेडिकल इमरजेंसी, दुर्घटना या तत्काल सुरक्षा खतरे में किया जाना चाहिए। दुर्भाग्यवश, कई यात्रियों द्वारा इसका उपयोग साथी का इंतजार करने या अनधिकृत स्टेशनों पर उतरने जैसे गैर-आपात कारणों के लिए किया जा रहा है, जो न केवल असुरक्षित बल्कि अवैध भी है।

1 जनवरी से 31 अक्टूबर 2025 तक, पूर्व रेलवे की चार डिवीजनों में कुल 3,839 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 3,651 अपराधियों को पकड़ा गया। डिविजन के आंकड़ों में आसनसोल में 1,223 मामले, मालदह में 1,278, हावड़ा में 1,159 और सियालदह में 179 मामले है। इन घटनाओं के कारण मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में महत्वपूर्ण देरी हुई, जिससे यात्रियों की यात्रा प्रभावित हुई और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में बाधा आई। अक्टूबर 2025 में 98 लंबी दूरी की ट्रेनें समय पर नहीं चल पाईं, जिनमें आसनसोल में 37, मालदह में 31 और हावड़ा में 27 ट्रेनें शामिल हैं।

## सारगाछी और बहरामपुर कोर्ट स्टेशन के बीच लिमिटेड हाइट सबवे का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के अंतर्गत सारगाछी और बेहरामपुर कोर्ट स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 124/ई को सड़क यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। इसके स्थान पर लिमिटेड हाइट सबवे संख्या 124 का 3 नवंबर 2025 को विधिवत उद्घाटन किया गया। यह लेवल क्रॉसिंग, जिसका ट्रेन व्हीकल यूनिट (टीवीयू) 83,916 था, बेहरामपुर शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग-12 (एनएच-12) से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग था, जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और वाहन प्रतिदिन आवागमन करते थे।



एलएचएस परियोजना के अंतर्गत बॉक्स का इंसर्शन जनवरी 2025 में किया गया था। हालांकि, इस परियोजना को कई तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें ढलान की मिट्टी खिसकना और भूमिगत जलस्तर ऊंचा होना जैसी समस्याएं शामिल थीं। इन बाधाओं के कारण सम्प और एप्रोच रोड के निर्माण में विलंब हुआ। इसके बावजूद, स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों के सक्रिय समन्वय से परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। एलएचएस संख्या 124 के खुलने और लेवल क्रॉसिंग संख्या 124/ई के बंद होने के साथ ही पूर्व रेलवे ने सुरक्षा बढ़ाने, ट्रेन विलंब कम करने और क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

# बिहार में राजद के 'जंगल राज' की वापसी रोकने के लिए 'कमल' का बटन दबाएं: अमित शाह



**दरभंगा :** गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मतदाताओं से मंगलवार को अपील की कि वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव चिह्न 'कमल' वाला ईवीएम बटन दबाएं ताकि ''राजद (राष्ट्रीय जनता दल) के शासनकाल के दौरान रहे जंगल राज की वापसी को रोका जा सके जिसने राज्य को तबाह कर दिया था।'' शाह ने वादा किया कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में लौटता है तो सरकार बाढ़ रोकने और कोसी नदी के पानी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए करने पर 26,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। शाह ने दरभंगा में एक चुनावी रैली में कहा, ''लालू-राबड़ी के 15 साल के शासन में बिहार को तबाह करने वाले 'जंगल राज' की वापसी को रोकने के लिए 'कमल' का बटन दबाएं।'' उन्होंने कहा, ''यदि आप छह नवंबर को मतदान के दिन कोई गलती करते हैं तो बिहार में हत्या, लूट, अपहरण और जबरन वसूली फिर से आम हो जाएगी।''उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग ही बिहार को सर्वांगीण विकास की ओर ले जा सकता है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''यदि बिहार में राजग सत्ता में फिर आता है तो मिथिलांचल में सिंचाई के लिए कोसी नदी के पानी का उपयोग और बाढ़ को रोकने के मकसद से कुल 26,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे...बिहार में गंगा, कोसी और गंडक नदियों के पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाएगा।''उन्होंने कहा कि अगर राजग बिहार में सत्ता में बना रहता है तो मिथिला, कोसी और तिरहुत के लोगों को इलाज के लिए पटना या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि उन्हें एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) दरभंगा में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। शाह ने कहा, ''करीब 3.60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा दिया गया है जबकि दरभंगा में आईटी पार्क युवाओं को रोजगार देगा।'' उन्होंने 'जीविका दीदी' के लिए 10,000 रुपये के लाभ के खिलाफ निर्वाचन आयोग से की गई राजद की शिकायत की आलोचना की और कहा, ''लालू की तीन पीढ़ियां'' स्वयं सहायता समूहों को ''हस्तांतरित धन नहीं छीन पाएंगी।'' शाह ने दोहराया कि राजद-कांग्रेस ने छठी मैया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मां का अपमान किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता आगामी चुनावों में ''ऐसे राजनीतिक दलों को बाहर का रास्ता दिखाकर इस अपमान का बदला लेगी।'' शाह ने कहा, ''बिहार की जनता छठी मैया का अपमान करने वालों को कभी माफ नहीं करेगी। बिहार चुनाव में राजद-कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। उन्होंने वादा किया कि यदि राजग बिहार में सत्ता में बना रहता है तो अगले पांच वर्षों में प्रत्येक जिले में एक इंजीनियरिंग और एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि असली विकास केवल नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में ही हो सकता है।

## बिहार में राजग के विकास कार्य हैं 'हीरा', राजद 'रंगदारी' का प्रतीक: नड्डा



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तहत हुए विकास को 'हीरा' (एचआईआरए) करार देते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य ने राजग शासन में सड़क, रेल, हवाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। भोजपुर जिले में पहले चरण के मतदान से पहले प्रचार के अंतिम दिन आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, ''बिहार ने भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन के शासन में हीरा (एचआईआरए) खोज लिया है - 'एच' का अर्थ है हाईवे (सड़कें), 'आई' का अर्थ इंटरनेट, ' आर ' का अर्थ रेलवे और 'ए' का अर्थ एयरपोर्ट।'' उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और जनता स्वयं इसकी गवाह है। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 'रंगदारी', 'जंगलराज' और 'दादागीरी' का प्रतीक है। उन्होंने कहा, लोगों को याद होगा जब राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने चरम राजनीतिक दौर में 'लाठी तेल पिलावन' रैली निकाली थी। वह एक स्पष्ट संकेत था कि उनके विरोधियों को घर में ही रहना बेहतर होगा। अब वही पार्टी नए कपड़ों में पुरानी सोच के साथ फिर जनता को बहकाने की कोशिश कर रही है। नड्डा ने मतदाताओं से अपील की कि वे राजग को आशीर्वाद दें और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को बरकरार रखें। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार तेजी से गरीबी उन्मूलन के लिए काम कर रही है और केवल बिहार में ही तीन करोड़ से अधिक लोगों को अभाव की स्थिति से बाहर निकाला गया है।

## नीतीश के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं, हमें मिलकर 'विकसित बिहार' बनाना है: राजनाथ



**वैशाली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन कायम हुआ है और इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। बिहार के वैशाली में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने लोगों से राजग के पक्ष में मतदान की अपील की। भाजपा के वरिष्ठ नेता का कहना था, 'बिहार को आगे बढ़ाने की सोच सिर्फ राजग ही रख सकता है। हमें मिलकर 'विकसित बिहार' बनाना है।' उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है और 'जल्द तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।' रक्षा मंत्री ने केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ''संप्रग शासन के दौरान केंद्र सरकार ने बिहार को मात्र दो लाख करोड़ रुपये दिए थे, जबकि मोदी जी की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पंद्रह लाख करोड़ रुपये जारी किए हैं।'

## देव दीपावली पर आज वाराणसी रोशनी और भक्ति से जगमगाएगा

**वाराणसी, (उप्र):** काशी में आस्था और अद्भुत दृश्य का संगम बुधवार को एक बार फिर देखने को मिलेगा। देव दीपावली के अवसर पर बुधवार, पांच नवंबर को पूरे वाराणसी के घाट दीपों की पंक्तियों से जगमगा उठेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन से शाम 5.15 से 5.50 बजे तक होगा। इसके बाद प्रमुख घाटों- नमो घाट, दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट और अस्सी घाट पर विशेष गंगा आरती शाम 6.00 से 6.50 बजे तक संपन्न होगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आरती के दौरान पूरे घाट क्षेत्र में मंत्रोच्चारण, घंटों की गूंज और दीपों की झिलमिलाहट से एक दिव्य वातावरण बनेगा। उन्होंने बताया कि चेत सिंह घाट पर दर्शकों के लिए तीन चरणों में प्रोजेक्शन एवं लेजर शो प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहला शो शाम 6.15 से 6.45 बजे, दूसरा शाम 7.15 से 7.45 बजे और तीसरा शो रात 8.15 से 8.45 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि यह शो काशी की पौराणिकता, अध्यात्म और संस्कृति को प्रकाश, ध्वनि और 3डी प्रभावों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रदर्शित करेगा। मंत्री सिंह ने बताया कि ललिता घाट के सामने रेती पर रात 8.00 से 8.15 तक होने वाली ग्रीन (हरित) आतिशबाजी इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण रहेगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के अनुकूल इस आतिशबाजी में हानिकारक रसायनों का प्रयोग नहीं होगा, जिससे प्रदूषण न के बराबर रहेगा। उन्होंने बताया कि गंगा तट पर हरियाली, स्वच्छता और 'हरित काशी' का संदेश देते रंगों की बरसात इस कार्यक्रम को खास बनाएगी।

## राजग सरकार ने बिहार में महिलाओं को बेबसी और भय की छाया से बाहर निकाला है : स्मृति ईरानी



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने महिलाओं को बेबसी और भय की छाया से बाहर निकाला है। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ईरानी ने कहा कि उन्हें इस बात का दु:ख है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार में महिलाओं से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ रोकने के लिए निर्वाचन आयोग से अपील की है। उन्होंने कहा, जन धन योजना से बिहार की तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है और उज्ज्वला योजना के तहत 1.16 करोड़ महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ है। हम यह भी देख चुके हैं कि प्रत्येक घर में शौचालय निर्माण का वादा पूरा किया गया है। ईरानी ने कहा, मेरे लिए यह पीड़ा की बात है कि एक ओर राजग सरकार बिहार की महिला लाभार्थियों के खातों में सीधे धन हस्तांतरित कर रही है, वहीं दूसरी ओर राजद नेताओं ने निर्वाचन आयोग को लिखित प्रस्ताव देकर इन लाभों को रोकने की मांग की है। गौरतलब है कि राजद सांसद मनोज झा ने 31 अक्टूबर को निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि बिहार सरकार ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करते हुए 17, 24 और 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को राशि हस्तांतरित की है।

# माफिया पर चलेगा बुलडोजर, बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि बनाना है : आदित्यनाथ



**समस्तीपुर (बिहार):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अब बिहार में भी माफिया पर कार्रवाई होगी और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित करेगी। बिहार के समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, जो लोग उत्तर प्रदेश से खारिज कर दिए गए हैं, वे कहते हैं कि हम केवल नाम बदलते हैं। हम सिर्फ नाम नहीं बदलते, हमने उत्तर प्रदेश के नाम को दुनिया के मंच पर पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, जब बुलडोजर माफिया को कुचलता है और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाती है, तो यही सच्चा न्याय है। अब बिहार में भी ऐसे कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि के रूप में स्थापित करना है, बिहार के विकास को भारत के विकास से जोड़ना है, युवाओं को रोजगार देना है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। योगी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में आईआईएम, आईआईटी, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है। विकास के लिए इच्छाशक्ति चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल-कांग्रेस के पास विकास का कोई मॉडल नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर आस्था का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, जिन्होंने भगवान राम पर सवाल उठाए थे, वही आज छठी मइया पर सवाल कर रहे हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत और उज्ज्वला योजना की सफलता राजग सरकार की उपलब्धियां हैं, जिन्होंने गरीबों और वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा, आपका (जनता) उत्साह इस बात का संकेत है कि बिहार में फिर से राजग सरकार बनने जा रही है। मैंने बिहार के युवाओं की मेधा और बुद्धिमत्ता को नजदीक से देखा है। बिहार के युवाओं ने देश और दुनिया के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया पुलिसकर्मी पर हमला

**मथुरा (उप्र):** मथुरा के वृंदावन में मंगलवार सुबह श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं के एक समूह ने एक पुलिसकर्मी पर कथित तौर पर हमला किया। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंदिर परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात हेड कांस्टेबल यागवेंद्र पर कुछ श्रद्धालुओं ने हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) राजीव कुमार सिंह ने कहा, कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर के अंदर ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल यागवेंद्र पर हमला किया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है। मामला दर्ज करके आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार ले जायी जा रही लाखों रुपये मूल्य की शराब ट्रक से बरामद, चालक गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को एक ट्रक पर लादकर अवैध रूप से बिहार ले जायी जा रही 17 लाख रुपये से अधिक मूल्य की शराब बरामद करके इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि बैरिया क्षेत्र में पुलिस ने तीन और चार नवंबर की दरमियानी रात निरीक्षण के दौरान शोभाछपरा की तरफ से तेजी से आ रहे ट्रक को रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक ने ट्रक की गति और बढ़ा दी और इसे शंकर नगर की तरफ ले जाने लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा वाहन का पीछा करते हुए गोवर्धन पर्वत मंदिर के पास ट्रक को घेर लिया गया। इस दौरान ट्रक पर बैठा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। हालांकि, पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। उसकी पहचान सुखपुरा थाना क्षेत्र के जनऊपुर गांव के चन्दन सिंह यादव (32) के रूप में हुई है।

### संत कबीर नगर में अवैध मदरसा सील, ब्रिटिश मूल के मौलवी पर विदेशी चंदा उल्लंघन का मामला दर्ज



**संत कबीर नगर/लखनऊ, (उप्र):** उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में अधिकारियों ने सोमवार शाम एक ब्रिटिश नागरिक मौलवी से जुड़े अवैध रूप से संचालित मदरसे को सील कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि मौलवी पर विदेशी चंदा उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने लखनऊ से जारी एक बयान में इस कार्रवाई की पुष्टि की और कहा कि उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ता (उप्र एटीएस) भी मौलवी के संबंधों की जांच कर रहा है। संत कबीर नगर के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अरुण कुमार ने कहा कि खलीलाबाद कस्बे में कथित तौर पर ब्रिटिश नागरिक मौलाना शमसुल हुदा खान के बेटे तौसीफ राजा द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से चलाये जा रहे मदरसे को उचित प्रक्रिया के बाद सील कर दिया गया है।

### जोधपुर में एक घर में दो गैस सिलेंडर फटने से 13 लोग घायल

**जोधपुर:** राजस्थान के जोधपुर जिले में मंगलवार शाम एक घर में लगातार दो गैस सिलेंडर फटने से 13 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बावड़ी के पास हरढाणी गांव में हुआ, जहां एक घर में युवक महेंद्र की शादी समारोह की तैयारियां की जा रही थीं। उसने बताया कि घायलों में दूल्हा भी शामिल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) भोपाल सिंह लखावत ने बताया कि घर में निर्माण कार्य और वेल्डिंग का काम किया जा रहा था तभी वेल्डिंग मशीन से निकली चिंगारी के कारण पास में रखे एक गैस सिलेंडर विस्फोट हो गया। कुछ ही क्षण बाद एक और सिलेंडर भी फट गया। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई और मलबा व धातु के टुकड़े चारों ओर बिखर गए।



मुजफ्फरपुर : लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान मंगलवार को पारू विधानसभा क्षेत्र के मणिकपुर हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए।



मुजफ्फरपुर : राजद नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को कुढ़नी के केर्मा स्पोर्ट्स ग्राउंड में पार्टी प्रत्याशी बब्लू कुशवाहा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए।



पश्चिम चंपारण : भाजपा सांसद रवि किशन मंगलवार को लौरिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी विनय बिहारी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए।

### भाजपा सांसद रवि किशन को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि किशन को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने मंगलवार को बताया कि सांसद रवि किशन को फोन कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी अजय कुमार यादव को गोरखपुर पुलिस ने पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया है। वह लुधियाना के फतेहगढ़ इलाके का रहने वाला है। त्यागी के मुताबिक, यादव ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि उसने शराब के नशे में सांसद रवि किशन को फोन करके उन्हें धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि रवि किशन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने पिछली 30 अक्टूबर को उन्हें फोन करके धमकी दी थी कि अगर वह बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए आए तो उन्हें गोली मार दी जाएगी।

### झारखंड के धनबाद में दो बसों की टक्कर में 24 लोग घायल

**धनबाद:** झारखंड के धनबाद जिले में दो बसों की टक्कर में कम से कम 24 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, छह घायलों की हालत गंभीर बताई जाती है। यह दुर्घटना सोमवार रात करीब 11.30 बजे राजगंज थाना क्षेत्र के चाली बांग्ला फ्लाईओवर के पास हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जामताड़ा जिले के नाला और कुंडिहि क्षेत्रों से बोकारो में एक धार्मिक उत्सव में भाग लेने के लिए लगभग 100 श्रद्धालु एक बस से जा रहे थे, तभी एक अन्य तेज गति से आ रही बस ने उनकी बस को टक्कर मार दी। घायलों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्प-ताल (एसएनएमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारण जीटी रोड के कोलकाता-दिल्ली लेन पर यातायात कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ।

## न्यूज अपडेट

### राजग सरकार की उपलब्धियों और संकल्पों के साथ जनता के पास गए और जनादेश मांगा: धर्मेंद्र प्रधान



**पटना:** केंद्रीय मंत्री एवं बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार की उपलब्धियों और आने वाले पांच वर्षों के संकल्पों को लेकर जनता के बीच जाकर जनादेश मांगा है। पटना स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा, पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार थम गया है। इस दौरान राजग ने सफलतापूर्वक जनता तक अपनी बात पहुंचाई है। हम लोग 11 साल से केंद्र में और 20 साल से बिहार में सरकार चला रहे हैं और एक बार फिर विकास और सुशासन के आधार पर जनादेश मांग रहे हैं। उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, उनके पास न तो तालमेल वाला गठबंधन का चेहरा है और न ही नीतियों की स्पष्टता। किस सीट पर कौन पार्टी चुनाव लड़ रही है, इसका कोई साफ संदेश मतदाताओं तक नहीं गया है। महागठबंधन के घोषणा पत्र को लेकर उन्होंने तंज कसते हुए कहा, वे आसमान से चांद-तारे लाने की बातें कर रहे हैं, जबकि राजग ने अपने संकल्प पत्र में पिछले 20 वर्षों की उपलब्धियों के साथ अगले पांच साल का ठोस रोडमैप प्रस्तुत किया है।

### महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या मामला: बड़े हनुमान जी मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या के मामले में प्रयागराज स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह मामला थाना जॉर्ज टाउन में वर्ष 2021 में दर्ज किया गया था, जिसमें तिवारी पर आत्महत्या के लिए उकसाने और षड्यंत्र रचने के आरोप लगाए गए थे। प्रारंभिक जांच पुलिस के पास थी, लेकिन बाद में यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई। इससे पूर्व, प्रयागराज के सत्र न्यायाधीश ने 21 जनवरी 2022 को भी तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता 22 सितंबर 2021 से जेल में बंद है। जमानत अर्जी को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत गठित विचाराधीन समीक्षा समिति (यूटीआरसी) को निर्देश दिया कि वह भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 479 (विचाराधीन बंदी को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि) के तहत याचिकाकर्ता की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करे और आवश्यक संस्तुति दे।

### एनओसी मिलने पर आरोपी को केवल एक वर्ष के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है : उच्च न्यायालय

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि यदि किसी आपराधिक मामले में आरोपी व्यक्ति को विदेश यात्रा के लिए सक्षम अदालत से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) या अनुमति मिलती है, और आदेश में पासपोर्ट की अवधि का उल्लेख नहीं किया गया है तो पासपोर्ट अधिकारी केवल एक वर्ष के लिए वैध पासपोर्ट जारी कर सकते हैं। न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने यह निर्णय पीलीभीत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जारी एनओसी के आधार पर 10 वर्ष की अवधि के लिए पुन: पासपोर्ट जारी करने के अनुरोध वाली याचिका को खारिज करते हुए दिया। पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'जहां सक्षम अदालत के आदेश में पासपोर्ट की अवधि का कोई उल्लेख न हो, वहां एक बार में केवल एक वर्ष के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है। बाद में, आवेदक अदालत के आदेश के अनुरूप पासपोर्ट की अवधि को नवीनीकरण के जरिए बढ़वा सकता है, बशर्ते कि अदालत द्वारा मंजूर की गई अवधि में उसने विदेश यात्रा न की हो और अदालत का आदेश रद्द या संशोधित न किया गया हो।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार विधानसभा के लिए बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान, सात देशों के प्रतिनिधि बनेंगे गवाह

**नयी दिल्ली :** बिहार विधानसभा के लिए बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान होगा और निर्वाचन आयोग के अंतरराष्ट्रीय आगंतुक कार्यक्रम के तहत सात देशों के 14 प्रतिनिधि इसके गवाह बनेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिए जाने वाले प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फलीपीन, थाईलैंड और कोलंबिया के 14 प्रतिभागियों ने उद्घाटन सत्र में भाग लिया, जहां उन्हें ईवीएम की कार्यप्रणाली दिखाई गई, जिसके बाद निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने चुनाव के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी। अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) में 5-6 नवंबर तक बिहार का दो दिवसीय दौरा शामिल है, जहां प्रतिनिधि मत दल रवानगी केंद्रों का दौरा करेंगे और छह नवंबर को वास्तविक मतदान देखेंगे।

### मणिपुर के चुराचांदपुर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार उग्रवादी ढेर

**इंफाल/चुराचांदपुर :** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार सुबह मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक प्रतिबंधित संगठन के कम से कम चार उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के हथियारबंद सदस्यों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर जिले के हेंगलेप उप-मंडल के अंतर्गत खानपी गांव में सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक अभियान शुरू किया गया। यूकेएनए मणिपुर में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से केंद्र, राज्य सरकार और कुकी और जोमी उग्रवादी समूहों के बीच हुए समझौते का हिस्सा नहीं है। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान सेना के जवानों और उग्रवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

### सीबीएसई का स्कूलों को निर्देश : स्थानांतरण प्रमाणपत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) पर प्रतिहस्ताक्षर के लिए कोई भी अनुरोध मुख्यालय या क्षेत्रीय कार्यालय को नहीं भेजें। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड पहले ही सीबीएसई-संबद्ध किसी स्कूल से दूसरे स्कूल में स्थानांतरण प्रमाणपत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर की प्रक्रिया को बंद कर चुका है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, हालांकि, सीबीएसई मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों को अब भी स्थानांतरण प्रमाणपत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर के लिए अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। स्कूलों द्वारा सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का पालन न करने से हितधारकों को काफी असुविधा होती है और यह डिजिटलीकरण के इस दौर में प्रक्रियाओं को सुगम बनाने में बाधा भी बनता है।

### पहलगाम आतंकी हमले के छह महीने बाद कश्मीर में फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में फिल्मों की शूटिंग फिर शुरू हो गई है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रभावित हुए घाटी के पर्यटन उद्योग के लिए यह एक राहतभरा कदम है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आंतकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। एक तेलुगु फिल्म के निर्माण दल ने दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम पर्यटन स्थल पर शूटिंग शुरू कर दी है। यह कॉमेडी फिल्म विमल कृष्णा द्वारा निर्देशित की जा रही है। वह जेस्सी और लेडीज एंड जेंटलमैन जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। कृष्णा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कश्मीर सैलानियों और फिल्मों की शूटिंग के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है।

# बिहार में होगी राजग की अब तक की सबसे बड़ी जीत, 'जंगल राज वालों' के सफाये का भरोसा: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार की जनता ने यह सुनिश्चित करने का मन बना लिया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी विधानसभा चुनावों में पिछले 20 वर्षों के अपने जीत के रिकॉर्ड को तोड़े और राज्य में 'जंगल राज' की वापसी न हो। मोदी ने कहा कि बिहार में 'जंगल राज' लाने वाले लोगों को आगामी चुनावों में अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों राजकुमार पूरे राज्य में घूम रहे हैं और दिल्ली वाले ने तो 'छठी मैया' का अपमान भी किया है। प्रधानमंत्री ने




बिहार में भाजपा-राजग की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, बिहार भाजपा की महिला कार्यकर्ता 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ शानदार काम कर रही हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव पहले चरण के लिए प्रचार मंगलवार को समाप्त हो गया। मोदी ने कहा कि वह महिलाओं से आग्रह किया कि वे बड़े पैमाने पर मतदान करें, ताकि राजग की बड़ी जीत सुनिश्चित हो सके और 'छठी मैया' का अपमान करने वालों तथा बिहार में 'जंगल राज' लाने वालों की जमानत जब्त हो सके। मोदी ने 'नमो ऐप' के जरिये बिहार में जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं और हर रैली में भीड़ के मामले में पिछली रैली का रिकार्ड टूट रहा है तथा महिलाएं इनमें बड़ी संख्या में शामिल हो रही हैं। उन्होंने कहा, मैं चुनावों पर करीबी नजर रख रहा हूं और यह स्पष्ट है कि राजग जीत रहा है और वह भारी अंतर से जीत हासिल करने जा रहा है। इसलिए मुझे जीत पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन (मैं चाहता हूं कि) अधिक से अधिक मतदान होना चाहिए। बिहार में राजग के प्रति जबरदस्त उत्साह होने का दावा करने वाली एक भाजपा कार्यकर्ता से बात करते हुए मोदी ने कहा कि उसके शब्द गरीबों, दलितों, महादलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों में व्याप्त भावना को प्रतिध्वनित करते हैं। उन्होंने कहा, बिहार के लोगों ने राजग के पिछले 20 वर्षों के जीत के रिकॉर्ड को तोड़ने का मन बना लिया है, जबकि 'जंगल राज लाने वाले लोगों' को राज्य में अपनी सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ेगा।

### केरल में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू

**तिरुवनंतपुरम :** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को केरल में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने की प्रक्रिया शुरू की। इस प्रक्रिया पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर अधिकांश राजनीतिक दलों ने चिंता जताई है। अधिकारियों ने बताया कि बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने गणना फार्म वितरित करने और एकत्र करने के लिए घरों का दौरा करना शुरू कर दिया है। निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने की घोषणा की है, जिनमें चुनावी राज्य केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी शामिल हैं। वरिष्ठ चुनाव अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सेलिब्रिटी और वीआईपी मतदाताओं के घर जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रक्रिया बिना किसी देरी के पूरी हो जाए।

## मुंबई आतंकी हमला मामला: उच्च न्यायालय ने अबू जंदल को दस्तावेज देने संबंधी आदेश रद्द किया

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने एक विशेष अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें जबीउद्दीन अंसारी उर्फ अबू जंदल को गोपनीय दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया गया था। जंदल ने 26/11 के मुंबई हमलों के आतंकवादियों को हिंदी और स्थानीय बोलचाल में प्रशिक्षित किया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत के आदेश के कारण 2018 से मुकदमा स्थगित है। न्यायमूर्ति आर.एन. लड्डा की पीठ ने सोमवार को दिल्ली पुलिस, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और विदेश मंत्रालय द्वारा दायर याचिकाओं को स्वीकार कर लिया, जिनमें अधीनस्थ अदालत के 2018 के उस निर्देश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उन्हें अंसारी द्वारा मांगे गए विशिष्ट गोपनीय दस्तावेज देने का निर्देश था। उच्च न्यायालय के इस फैसले के साथ, अंसारी के खिलाफ मुकदमा फिर से शुरू हो जाएगा, जिस पर 2018 से रोक लगी हुई थी। अंसारी द्वारा मांगे गए दस्तावेज मुख्य रूप से उसकी गिरफ्तारी से जुड़े प्रक्रियात्मक पहलुओं और उसे अदालत के अधिकार क्षेत्र में लाने की प्रक्रिया से संबंधित थे।

### सब्जी विक्रेता की लगी 11 करोड़ रुपये की लॉटरी

**चंडीगढ़ :** पंजाब की एक यात्रा, एक दोस्त की थोड़ी सी मदद और किस्मत का साथ, यह कहानी है राजस्थान के एक सब्जी विक्रेता की जिसने राज्य की लॉटरी में 11 करोड़ रुपये का जैकपॉट जीता है। अमित सेहरा ने अपने एक दोस्त से पैसे उधार लेकर बठिंडा की एक दुकान से लॉटरी टिकट खरीदा और इस टिकट ने उन्हें पंजाब स्टेट लॉटरी-दिवाली बंपर 2025 का शीर्ष विजेता बना दिया। सेहरा ने भावुक होते हुए कहा कि उनके पास लॉटरी पुरस्कार प्राप्त करने की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए चंडीगढ़ जाने के लिए भी पर्याप्त पैसे नहीं हैं। जयपुर के कोटपुतली से आये और ठेले पर सब्जी बेचने वाले सेहरा ने कहा, ''यह भगवान का आशीर्वाद है कि उन्होंने मुझे 'छप्पर फाड़ के' दिया।'' उन्होंने कहा कि वह यह पैसा अपने दो छोटे बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करेंगे। सब्जी विक्रेता ने यह भी बताया कि वह अपने दोस्त मुकेश को लॉटरी टिकट के वास्ते पैसे उधार देने के लिए एक करोड़ रुपये देंगे। पंजाब राज्य लॉटरी के विजेता की घोषणा 31 अक्टूबर को की गई।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने नैना देवी, कैंची धाम में पूजा-अर्चना की

**नैनीताल :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को प्रसिद्ध नैना देवी मंदिर और कैंची धाम में दर्शन किए। उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन मुर्मू ने



दिन की शुरूआत नैनीताल शहर में स्थित शक्तिपीठ मां नैना देवी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ की जहां उन्होंने देश की खुशहाली, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिर पहुंचने पर मंदिर समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) भी मौजूद रहे। नैना देवी मंदिर से राष्ट्रपति बाबा नीम करोरी आश्रम कैंची धाम के लिए रवाना हुईं। कैंची धाम में भी उन्होंने देश की सुख एवं समृद्धि की कामना की। कैंचीधाम मंदिर समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति का गुलदस्ता देकर स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर राज्यपाल और राज्य के कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत भी उपस्थित रहे।

## न्यायालय ने 'ऑनलाइन गेमिंग' कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र से विस्तृत जवाब मांगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र से विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा। यह कानून ''ऑनलाइन मनी गेम्स'' पर प्रतिबंध लगाता है और बैंकिंग सेवाओं तथा उनसे संबंधित विज्ञापनों पर रोक लगाता है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ को सूचित किया गया कि केंद्र ने याचिकाओं में किए गए अंतरिम अनुरोध पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। पीठ ने कहा, ''हम चाहते हैं कि केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल मुख्य याचिका पर भी एक व्यापक जवाब दाखिल करें।'' पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों को जवाब की प्रति पहले ही दे दी जाए और अगर वे कोई प्रत्युत्तर दाखिल करना चाहते हैं, तो वे जल्द से जल्द ऐसा कर सकते हैं। पीठ ने मामले की सुनवाई 26 नवंबर के लिए स्थगित कर दी। इस मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सी ए सुंदरम ने पीठ को बताया कि ऑनलाइन गेमिंग एक महीने से अधिक समय से पूरी तरह बंद है। सुनवाई के दौरान एक वकील ने पीठ को बताया कि इस मामले में एक नयी रिट याचिका दायर की गई है, लेकिन उसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया। वकील ने कहा, ''मैं (याचिकाकर्ता) एक शतरंज खिलाड़ी हूं और यह मेरी आजीविका का साधन है। मैं एक ऐप भी लॉन्च करने वाला था।'' न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, ''भारत एक अजीब देश है। आप एक खिलाड़ी हैं। आप खेलना चाहते हैं। यह आपकी आय का एकमात्र स्रोत है और इसलिए आप कार्यवाही में शामिल होना चाहते हैं।'' वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा आयोजित ऑनलाइन टूर्नामेंट में भाग लेता है और वह भागीदारी शुल्क भी देता है। पीठ ने कहा कि उनकी याचिका को भी लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न किया जाए। शीर्ष अदालत ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली विभिन्न स्थानांतरित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### एशिया के 100 शीर्ष शिक्षण संस्थानों में पांच आईआईटी, डीयू और आईआईएससी: क्यूएस रैंकिंग

**नयी दिल्ली :** मंगलवार को घोषित क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार एशिया के शीर्ष शिक्षण 100 संस्थानों में पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु और दिल्ली विश्वविद्यालय शामिल हैं। आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-मद्रास, आईआईटी-मुंबई, आईआईटी-कानपुर और आईआईटी-खड़गपुर शीर्ष 100 एशियाई संस्थानों की सूची में शामिल हैं। लंदन स्थित 'क्यूएस' ने एक बयान में कहा, ''क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी एशिया रैंकिंग में सात भारतीय संस्थान शीर्ष 100 में, 20 शीर्ष 200 में और 66 शीर्ष 500 में हैं।'' उसने कहा कि पिछले साल की रैंकिंग की तुलना में 36 भारतीय संस्थानों में सुधार हुआ है, 16 समान रहे और 105 में गिरावट आई है। क्यूएस ने कहा, ''रैंकिंग का विस्तार इस वर्ष के परिणामों में देखी गई अधिक अस्थिरता से जुड़ा है।'' इसमें कहा गया है, ''कुल मिलाकर, 41 भारतीय संस्थान विश्वविद्यालयों के शीर्ष 80 पर्सेंटाइल में शामिल हैं। पीएचडी कर्मियों के मामले में एशिया में भारत सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है।'' आईआईटी-दिल्ली इस वर्ष 59वें स्थान पर था। उसे लगातार पांचवें वर्ष सर्वश्रेष्ठ भारतीय संस्थान घोषित किया गया।

## प्रधानमंत्री ने सिरो-मालाबार चर्च के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली में सिरो-मालाबार चर्च के वरिष्ठ बिशप के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्हें केंद्र की ओर से हर संभव मदद और सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''सिरो-मालाबार चर्च के प्रमुख मेजर आर्कबिशप मेजर राफेल थत्तिल, आर्कबिशप डॉ कुरियाकोस भरनिकुलंगरा और अन्य से अच्छी बातचीत हुई।'' बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और राज्य के अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता भी उपस्थित थे। चंद्रशेखर ने दिल्ली में संवाददाओं से कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी, इस दौरान अल्पसंख्यक अधिकारों के मुद्दे पर ''सामान्य'' चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने सिरो-मालाबार चर्च के प्रमुख मेजर आर्कबिशप राफेल थत्तिल के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से कहा, ''मैं हमेशा आपकी सेवा में उपस्थित हूं।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप



से कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार मदद मांगने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए काम करने को तैयार हैं। भाजपा नेता ने कहा कि हर चीज को ''राजनीतिक चश्मे से'' नहीं देखा जाना चाहिए। चंद्रशेखर ने कहा, ''हम एक ऐसी सरकार और पार्टी हैं जो हर जगह, सभी के लिए काम करती है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में यही दिखाया है। हम हर चीज को धार्मिक चश्मे से नहीं देखते। हर चीज राजनीतिक नहीं होती।'

## हरिद्वार में अवैध मजार पर बुलडोजर चलाया गया

**हरिद्वार :** अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत हरिद्वार के रानीपुर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर बनी कथित अवैध मजार को मंगलवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने



बताया कि हरिद्वार जिला प्रशासन, पुलिस और उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई में इस 'अवैध' मजार को हटाया गया। उन्होंने बताया कि रानीपुर क्षेत्र के पथरी रोह पुल के पास करीब दो बीघा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर बनाई गयी मजार को हटाने के लिए सिंचाई विभाग ने 16 अक्टूबर को नोटिस जारी कर मजार की देखरेख करने वालों से 15 दिन में स्थिति स्पष्ट करने को कहा था। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के उपखंड अधिकारी भारत भूषण ने बताया कि मजार की देखरेख करने वाले ने न तो नोटिस का कोई जवाब दिया और न ही मजार की भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए।

### गुरुग्राम में कैंसर रोगी बुजुर्ग महिला ने आत्महत्या की

**गुरुग्राम :** गुरुग्राम के सेक्टर 56 में मंगलवार सुबह कैंसर पीड़ित 62 वर्षीय महिला ने घर की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब छह बजे जब यह घटना हुई उस समय परिवार के बाकी सदस्य सो रहे थे। पुलिस के अनुसार, कई वर्षों से कैंसर से पीड़ित ज्योति वाधवा की स्वास्थ स्थिति उपचार के बावजूद गंभीर हो गई थी जिससे वह मानसिक रूप से भी बहुत अधिक परेशान थी। परिजन ने बताया कि रात में दर्द निवारक दवा लेने के बाद भी वह सो नहीं पा रही थी और मंगलवार सुबह करीब पांच बजकर 45 मिनट पर वह अपने कमरे से निकलकर घर की तीसरी मंजिल पर गई और कथित तौर पर वहां से कूदकर आत्महत्या कर ली।

### गुजरात में मतदाता सूचियों का एसआईआर शुरू, बीएलओ पांच करोड़ मतदाताओं तक पहुंचेंगे

**अहमदाबाद :** गुजरात भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मंगलवार को बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने के अभियान के साथ शुरू हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि महीने भर चलने वाली एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 50,000 से अधिक बीएलओ पूरे गुजरात में लगभग 5.08 करोड़ मतदाताओं से संपर्क करेंगे और पहले से भरे हुए गणना प्रपत्र की प्रतियां वितरित करेंगे। पटेल ने बताया, ''इन 50,963 बीएलओ में से प्रत्येक अपने-अपने क्षेत्रों के घरों में जाकर उन्हें गणना प्रपत्र सौंपेंगे। बीएलओ प्रपत्र भरने में मतदाताओं की मदद करेंगे। अगर पहली बार में मतदाता घर पर उपलब्ध नहीं होते हैं, तो बीएलओ एक और प्रयास करेंगे। कुल मिलाकर, बीएलओ एक महीने में तीन प्रयास करेंगे। वे मतदाताओं से प्रपत्र भी एकत्र करेंगे।''

## पीएसयू, निजी कंपनियों के संचालकों की डरते हुए निर्णय लेने से नीतिगत पंगुता आती है: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अगर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कंपनियों के संचालक इस 'डर' से घिरे रहेंगे कि उनके फैसलों को बाद में नकारात्मक तरीके से देखा जाएगा और उन्हें और उनकी कंपनियों को मुकदमेबाजी में उलझाया जाएगा, तो बड़े हिचकिचाते हुए काम करने की प्रवृत्ति पैदा होती है और इससे नीतिगत पंगुता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ये टिप्पणियां शीर्ष अदालत द्वारा सोमवार को दिए गए एक फैसले में की गईं, जिसमें एंग्लो अमेरिकन मेटलर्जिकल कोल प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 7.872 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 650 करोड़ रुपये) की मध्यस्थता राशि के प्रवर्तन को बरकरार रखा गया, और सरकारी कंपनी एमएमटीसी लिमिटेड की चुनौती को खारिज कर दिया गया। कहा गया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी अपने वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा उल्लंघन का प्रथम दृष्टया मामला भी स्थापित करने में विफल रही। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2025 के दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ एमएमटीसी की अपील पर फैसला सुनाया, जिसमें नागरिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 47 के तहत उसकी आपत्तियों को खारिज कर दिया गया था और एंग्लो अमेरिकन कोल प्राइवेट लिमिटेड को जमा की गई राशि ब्याज सहित निकालने की अनुमति दी गई थी।

## जटिल खतरों के कारण कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता; साझा नवाचार मजबूत ढाल: सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि जटिल खतरों की दुनिया में कोई भी देश अकेला सुरक्षित नहीं है और साझा रक्षा नवाचार ही सबसे मजबूत ढाल है। ''इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025'' में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि भारत की ढाई मोर्चों की चुनौती और ऑपरेशन सिंदूर के बाद का सशक्तिकरण से सशस्त्र बलों को क्रमिक विकास और नए सैन्य प्रणालियों के समावेश में अधिक लचीलापन प्राप्त हुआ है। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, रक्षा विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों की भागीदारी वाले सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपने 20 मिनट के संबोधन में



उन्होंने युद्ध की बदलती प्रकृति, दक्षता विकास, रक्षा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जनरल द्विवेदी ने कहा, युद्ध का भविष्य किसी एक क्षेत्र या सिद्धांत से परिभाषित नहीं होगा, बल्कि इस बात से परिभाषित होगा कि हम विचारों को कितनी निर्णायक रूप से स्थायी क्षमताओं में बदलते हैं। उन्होंने कहा कि अवधारणा से क्षमता तक की यात्रा वास्तव में निर्भरता से प्रभुत्व की ओर, भविष्य की तैयारी से उसे प्राप्त करने की ओर की यात्रा है। सेना प्रमुख ने कहा, इस हॉल में उपस्थित मेरे सहित सभी नेताओं के लिए, अवधारणाएं हमें प्रेरित करती हैं, क्षमताएं हमारी रक्षा करती हैं। यह नेतृत्व ही है, जो यह सुनिश्चित करता है कि एक व्यक्ति दूसरे जैसा बने। उन्होंने रणनीतिक साझेदारियों को अवसरों का सेतु बताया।

### उपराज्यपाल सिन्हा ने जम्मू में तीर्थयात्री सामुदायिक भवन, चार बस स्टॉप जनता को समर्पित किए

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को जम्मू शहर के बाहरी इलाके में एक तीर्थयात्री सामुदायिक भवन और चार मॉड्यूलर बस स्टॉप जनता को समर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने 'कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व' (सीएसआर) के तहत बनने वाले पहले 'इनडोर खेल' परिसर की आधारशिला भी रखी। उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर के कृषि समुदाय की दृढ़ता और समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की और उनके कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उपराज्यपाल ने यहां वार्षिक झीरी मेला का उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने तीर्थयात्री सामुदायिक भवन और चार मॉड्यूलर बस स्टॉप को जम्मू की जनता को समर्पित किया, साथ ही मरह उप-मंडल में सीएसआर के तहत पहले 'इनडोर खेल' परिसर की आधारशिला रखी। अधिकारियों ने बताया कि आज जिस तीर्थयात्री सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया है, वह पूरे साल समर्पित तीर्थयात्री विश्राम गृह के रूप में कार्य करेगा।

# नौसेना प्रत्येक 40 दिन में एक नया स्वदेशी युद्धपोत या पनडुब्बी शामिल कर रही है : एडमिरल त्रिपाठी

**नयी दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को कहा कि नौसेना में हर 40 दिन में एक नया स्वदेशी युद्धपोत या पनडुब्बी शामिल की जा रही है। उन्होंने सुरक्षा संबंधी विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए समुद्री क्षेत्र में संप्रभु क्षमता निर्माण के प्रयासों को भी रेखांकित किया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना ने 'आत्मनिर्भरता' को न केवल रणनीतिक अनिवार्यता के रूप में अपनाया है, बल्कि भविष्य के आश्वासन के लिए एक निवेश के रूप में भी अपनाया है। उन्होंने कहा कि बल का लक्ष्य 2035 तक 200 से अधिक युद्धपोतों



और पनडुब्बियों का संचालन करना है। नौसेना प्रमुख ने भारत शक्ति द्वारा आयोजित भारत रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसी भी समुद्री शक्ति के लिए आत्मनिर्भरता, तालमेल और सुरक्षा को तीन प्रमुख स्तंभों के रूप में चिह्नित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना अपनी समग्र शक्ति को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''औसतन, हर 40 दिन में भारतीय नौसेना में एक नया स्वदेशी युद्धपोत या पनडुब्बी शामिल की जा रही है। हम 2035 तक 200 से अधिक जहाजों वाली नौसेना बनना चाहते हैं, इसलिए हमारे सभी 52 जहाज, जिनका ऑर्डर अभी दिया गया है, भारतीय गोदी में बनाए जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''पोतों से आगे बढ़ते हुए, हमारा उद्देश्य आत्मनिर्भरता को विस्तृत डिजाइन और सॉफ्टवेयर स्तर तक ले जाना और 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बल का निर्माण करना है।'' भारतीय नौसेना वर्तमान में लगभग 145 पोतों और पनडुब्बियों का संचालन करती है। एडमिरल त्रिपाठी ने अपने संबोधन में भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर विकसित रक्षा क्षमताओं की आवश्यकता को रेखांकित किया और दलील दी कि स्वदेशी ताकत युद्धक्षेत्रों से कहीं आगे तक फैली हुई है। उन्होंने कहा, ''यह अब औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, नवाचार श्रृंखलाओं और सूचना नेटवर्कों से जुड़ा हुआ है, जहां सेमीकंडक्टर पनडुब्बियों की तरह ही निर्णायक हो सकते हैं, और सुरक्षित समुद्री मार्ग जितना ही सुरक्षित संपर्क भी महत्वपूर्ण है।''

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव में हुआ 67 प्रतिशत मतदान, परिणाम छह नवंबर को होंगे घोषित

**नयी दिल्ली :** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में 67 प्रतिशत मतदान हुआ, जो पिछले चुनाव की तुलना में कम है। पिछले साल यहां 70 प्रतिशत मतदान हुआ था। वर्ष 2023-24 के चुनाव में विश्वविद्यालय में 73 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो पिछले एक दशक में सर्वाधिक मत प्रतिशत था। जेएनयू परिसर में छात्रों ने मंगलवार को नये केंद्रीय पैनल और स्कूल काउंसलर का फैसला करने वाले चुनावों में वोट डाले, जिस दौरान ढोल की थाप, नारों की गूंज और प्रचार गीत सुनाई दिए। मतदान सुबह नौ बजे शुरू हुआ और शाम साढ़े पांच बजे तक जारी रहा। दोपहर एक बजे से ढाई बजे तक का ब्रेक हुआ। जेएनयूएसयू चुनाव समिति के अनुसार, परिणाम छह नवंबर को



घोषित किए जाएंगे। केंद्रीय पैनल के चार प्रमुख पदों- अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव, के लिए 20 उम्मीदवार मैदान में हैं। छात्रों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के लिए 42 पार्षद पदों के लिए भी मतदान किया। इस वर्ष लगभग 9,043 छात्र मतदान के पात्र हैं। इस चुनाव में मुकाबला मुख्य रूप से 'वाम संगठनों' और आरएसएस से जुड़े अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के बीच है। वाम संगठनों में 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा), 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) और 'डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन' (डीएसएफ) शामिल हैं।

